आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 298 ● कटनी ● शनिवार, 3 दिसम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● अगहन मास शुक्ल पक्ष-10 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

पद्म भूषण से सम्मानित हुए गूगल के CEO सुंदर पिचाई, बोले- भारत मेरा हिस्सा है

नई दिल्ली, एजेंसी। गूगल के ष्टश्वह्र सुंदर पिचाई को पद्म भूषण से नवाजा गया है। ये सम्मान उन्हें अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने दिया। उन्हें ट्रेड एंड इंडस्ट्री कैटेगरी में 2022 के लिए पद्म भूषण दिया गया। सम्मानित होने पर पिचाई ने कहा- भारत मेरा एक हिस्सा है।



रूस-यूक्रेन जंग में उतरी परमाणु मिसाइलें

क्रीव, एजेंसी। युद्ध के तकरीबन 10 महीने बाद यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष ने नया और खतरनाक मोड़ ले लिया है। यूक्रेन की सेना ने दावा किया है कि रूस अब यूक्रेन की हवाई सुरक्षा की समाप्त करने के लिए विस्फोटक हथियारों के साथ परमाणु-सक्षम मिसाइलों का भी उपयोग कर रहा है। यूक्रेन के सैन्य एक्सपर्ट्स ने सार्वजनिक तौर पर सोवियत निर्मित ऐसी मिसाइलों के टुकड़ों को दिखाया, जिन्हें परमाणु हमले के उपयोग के लिए डिजाइन किया जाता है। यूक्रेन के दावों पर हालांकि अभी रूस ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है लेकिन इस दावे ने निःसंदेह पूरे यूरोप की नींद उड़ा दी है। 24 फरवरी को रूसी सेना के पूरी ताकत से यूक्रेन की धरती पर तीन छोरों से हमला बोला था इस बात को 10 महीने होने वाले है लेकिन की सेना अभी भी पीछे नहीं हटी है। युक्रेन के चार इलाकों को अपने कब्जे में लेने के बाद रूस अभी भी आशांवित है। यूक्रेन की धरती पर उसका राज होगा। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, इस बीच गुरुवार को युक्रेन ने सार्वजनिक तौर पर दावा किया के रूस ने युक्रेन की धरती पर परमाणु सक्षम मिसाइलों से हमला करना शुरू कर दिया है।

खतरनाक मोड़ में पहुंची दोनों देशों की लड़ाई

खुलासा

4 लोगों की हत्या करने के बाद प्रेमी को भी मार देती पायल

क्राइम ग्रेटर नोएडा, एजेंसी। ग्रेटर नोएडा में दादरी के बहपुरा गांव में अनजान युवती हेमा चौधरी की हत्या करने और आत्महत्या की साजिश रचने वाली पायल भाटी और उसके प्रेमी अजय ठाकुर को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि पायल भाटी चार और लोगों की हत्या करने के बाद अपने प्रेमी अजय को भी मौत के घाट उतारने वाली थी। यह सिर्फ अपने माता-पिता की मौत का बदला लेने के लिए अजय के साथ प्यार का नाटक कर रही थी। बिसरख कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने बजपुरा गांव स्थित पायल के पर पहुंचकर कुछ साक्ष्य जुटाए हैं। वारदात के 18 दिन बाद भी पायल के घर की दीवार पर खून के छीटे मिलें। फॉरेंसिक टीम ने इसके नमूने एकत्र किए हैं। इसे जांच के लिए लैब भेजा जाएगा।

हत्या कर चेहरा तेल से जलाया

पुलिस ने बताया कि हेमा को पैसों की जरूरत थी। अजय उसे पांच हजार रुपये देने के बहाने 12 नवंबर को पायल के घर लेकर पहुंच गया। वहां पायल ने घर में मौजूद सभी लोगों को खाने में नींद की दवा मिलाकर खिला दी। इसके बाद पायल और अजय ने मिलकर हेमा की हत्या कर दी। इसे आत्महत्या दिखाने के लिए हेमा के चेहरे को गर्म तेल से जला दिया और उसके हाथ की नस काट दी। शव को अपनी पहचान देने के लिए पायल ने उसे अपने कपड़े पहना दिए। इतना करने के बाद अजय और पायल फरार हो गए। एडीसीपी साद मियां खां ने बताया कि पायल और अजय को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनसे चाकू, तमंचा, 8 कारतूस, ईसा का मोबाइल, घड़ी डेयर लिए अजय का मोबाइल, एक बाइक सुसाइड नोट और अजय द्वारा की गई शादी का सर्टिफिकेट बरामद किए हैं। हिरासत में पायल से हेमा हत्याकांड के बारे में पूछा तो उसने कहा कि उसकी हत्या का उसे कोई छतावा नहीं है। माता-पिता की मौत को लेकर उसने हत्या का बदला लेना तय किया। इसके लिए उसने सीरियल देखे थे।

सीरियल देख बनाया था खौफनाक प्लान

यह है मामला

दादरी थाना क्षेत्र स्थित बड़पुर गांव की रहने वाली पायल भाटी के माता-पिता ने नई 2021 में जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। इसको लेकर पायल के भाई की पत्नी स्वाति, साले कोशेंद्र गोलू और बिचोलिये सुनील के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कराया गया था। मायल वन चारों को माता-पिता की मौत का जिम्मेदार मानती थी उसने चारों की हत्या करने के लिए अपनी नीत का ड्रामा रचा और प्रेमी अजय के साथ मिलकर अनजान युवती लेना की हत्या कर दी। डेना की पहचान दिलाने के लिए सरसों का तेल गर्म करके भाव पर काल दिया। पति की प्रताड़ना से तंग होकर 2018 में नोएडा आई थी हेमा चौधरी मूलका डेमा चौधरी भी शादीशुदा है। वर्ष 2012 में उसकी शादी मधुरा छोली निवासी विष्णु के साथ हुई। घी उसका एक साल साल का बेटा आदित्य है शादी के कुछ साल बाद बिष्ट ने हेमा के साथ मारपीट शुरू कर दी है। 2010 में बिस्टने हेमा को पीट पीटकर कर दिया था। वह सभी मथुरा छोड़कर अपनी मां और छोटी बहन के साथ गोरहटा आ गई थी। यह सूरजजुर में रहती थी।

आरोपी अजय भी धोखा दे रहा था

थाना प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया कि अजय ठाकुर भी पायल को धोखा दे रहा था। अजय ने पायल को अपने शादीशुदा होने की बात नहीं बताई थी बात का खुलासा होने के हीको उसके शादीशुदा होने का पता चला। अजय अपने घर से 12 नवंबर से लापता था। परिजनों से सिकंदराबाद 7 धाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी के बाद उसने अजय को भी रास्ते से हटाने का मन बना लिया था।

122 साल में देश का 12वां सबसे गर्म नवंबर

पूर्वोत्तर राज्यों में पहली बार गर्मी, बारिश और कोहरे में कमी

नई दिल्ली, एजेंसी। देश के बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों में नवंबर महीने में पहली बार इतना अधिक तापमान रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के 122 सालों के रिकॉर्ड के अनुसार यह देश के लिए 12वां सबसे गर्म नवंबर रहा। बीते महीने देश भर में बारिश भी 37त्न कम दर्ज की गई और कोहरा भी कम बना। बीते महीने में देश का औसत अधिकतम, न्यूनतम और माध्य (मीन) तापमान क्रमशः 29.37 डिग्री सेल्सियस, 17.69 डिग्री सेल्सियस व 23.53 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से अधिक है। वहीं पूर्वी राज्यों में बीते महीने के दौरान दिन का औसत अधिकतम तापमान 29.06 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो महीने के सामान्य तापमान 27.79 डिग्री सेल्सियस से 1.27 डिग्री सेल्सियस अधिक है।



इससे पहले नवंबर में यहां इतना अधिक तापमान 43 साल पहले 1979 में 29.04 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। यह लगातार 13वां साल है जब पूर्वी राज्यों में औसत अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया है।पूर्वी राज्यों में बारिश भी बीते महीने 98त्न कम हुई।मौसम विभाग के अनुसार, यहां नवंबर में सामान्य रूप से 22.6 मिमी बारिश होती है, लेकिन इस बार केवल 0.4 मिमी ही हुई। इसी तरह मध्य भारत (ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व गुजरात) में भी 97त्न कम बारिश हुई। नवंबर में सामान्य रूप से इस हिस्से में 14 मिमी बारिश होती है जो घटकर 0.4 मिमी रह गई।वहीं देश भर में नवंबर में सामान्य रूप से 29.7 मिमी बारिश होती है लेकिन साल केवल 18.7 मिमी ही हुई। मौसम विज्ञानियों ने बताया कि बीते महीने में बने दोनों मौसमी सिस्टम कमजोर रहे। दूसरी ओर पांच पश्चिमी विक्षोभों में से तीन का कोई खास असर नहीं हुआ। इसी वजह से बारिश कम हुई।मौसम विज्ञानी आरके जेनामणि ने बताया कि आमतौर पर नवंबर में पश्चिमी विक्षोभों की वजह से तापमान ऊपर-नीचे होता है लेकिन इस बार विक्षोभों के अभाव के चलते 15 दिन तक तापमान 8 से 13 डिग्री के बीच ही बना रहा।

भारत जोड़ो यात्रा में राहुल के साथ 2 किमी लंबा कारवां

रास्ते में बच्चों को गले लगाया

आगर मालवा ,ईएमएस। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ा यात्रा उनके साथ दो किलो मीटर को लंबा कारवां चल रहा है। यात्रा अभी आगर-मालवा जिले में है। यहां काशीबर्डिया में रात्रि विश्राम के बाद सुबह यात्रा बस स्टॉप महुड़िया से शुरू हुई। सुबह का ब्रेक आमला शिवाय होटल के सामने हुआ। इसके बाद यहीं से यात्रा शुरू होगी। शाम 4 बजे की यात्रा जैन मंदिर सुसनेर से शुरू होगी। यात्रा का शाम का ब्रेक 7 बजे मंगेशपुरा चौराहा होगा। नाइट स्टे अन्नपूर्णा ढाबा के पास लालाखेड़ी में किया जाएगा। रविवार सुबह 6 बजे कैंपस साइट से शुरु आत करते हुए ब्रेक 10 बजे गर्ल्स हॉस्टल के पास सोयतकला आगर में करेंगे। शाम 7 बजे पिपलेश्वर बालाजी मंदिर, डोंगरगांव होते हुए नाइट स्टे राजस्थान में होगा। राहुल की यात्रा के पीछे इंदौर-कोटा नेशनल हाईवे पर बड़ी संख्या में वाहन चल रहे हैं। करीब 2 किलोमीटर तक वाहन ही वाहन नजर आ रहे हैं। इन वाहनों के बीच कुछ कांग्रेस नेताओं के वाहन फंस गए, इसलिए वे यात्रा में शामिल नहीं हो सके।

अनूपपुर में ईंट भरे वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

अनूपपुर, यशभारत। जिले के चचाई थाना अंतर्गत देवहरा चौकी के कोल वाशरी के समीप शुक्रवार की शाम सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक ग्राम धिरौल से बरतरा थाना बुढ़ार जा रहे थे, तभी पीछे से ईंट से भरे मेटाडोर वाहन ने ठोकर मार दी, जिससे दोनों युवकों की मौत हो गई। शनिवार सुबह देवहरा चौकी प्रभारी संजय खालको ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल अनूपपुर भिजवाया। जानकारी अनुसार मृतकों में शंकर लाल बैगा पुत्र डोमारी बैगा (18) एवं किशन बैगा पुत्र लल्लू बैगा (21) दोनों निवासी बरतरा थाना बुढ़ार जिला शहडोल के हैं। मृतक शंकरलाल के भाई सूरज बैगा ने बताया कि वह धिरौल गांव में मजदूरी करता है और उसे छोड़ने के लिए दोनों बरतरा से धिरौल आए थे। वापस घर जाते समय अमरकंटक-बुढ़ार मार्ग पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

हिमाचल में आया भूकंप, चंबा के चुराह में महसूस किए गए झटके

कुल्लू, ईएमएस। हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार रात को भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। जिसका केंद्र चंबा ?ले का चुराह था। रिएक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.5 मापी गई। इस भूकंप का असर चंबा जिला के आसपास के इलाकों में भी देखने को मिला। भूकंप की गहराई 5 किलोमीटर बताई गई है। लिहाजा मध्य रात्रि आए इस भूकंप से चंबा के कई क्षेत्रों में लोग गहरी नींद से भी जागे। कई जगह घरों से बाहर भी निकले। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश सहित हिमालयी क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं। अधिकतर मामलों में तीव्रता अधिक दर्ज की जा रही है, जिससे लोगों में खौफ का माहौल बना हुआ है।

रूस, चीन और पाक धार्मिक आजादी के सबसे बड़े गुनाहगार

यूएस ने जारी की 12 देशों की लिस्ट

वाशिंगटन , एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र संघ ने धार्मिक आजादी का उल्लंघन करने वाले 12 देशों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में बेहट गंभीर उल्लंघन करने वाले देशों में रूस, पाकिस्तान, ईरान और बीन शामिल है। मामले की नकारी देते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने शुक्रवार को ईरान और रूम को गंभीर उल्लंघनों पर धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत विशेष चिंता वाले देशों के रूप में नामित किया है। रूस की खूंखार प्राइवेट आर्मी वेग्नर ग्रुप को भी प्रतिबंधित किया है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी के धार्मिक स्वतंता अधिनियम के तहत विशेष चिंता वाले देशों में चीन, ईरान और रूस के अलावा उत्तरी कोरिया और म्यांमार भी शामिल है। जबकि, अल्जीरिया, मध्य अफ्रीकी गणराज्य और विपतनाम को निगरानी की सूची में रखा गया है विशेष चिंता वाले देशों के रूप में नामित अन्य देशों में ब्यूरिट्रियानिक पाकिस्तान सऊदी अरब ताजिकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान भी है।

विवादित पुस्तक लिखने वाले फरहत के खिलाफ जांच कर एफआइआर करें

भोपाल, यशभारत। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने इंदौर के शासकीय नवीन ला कालेज के प्रोफेसर डा. फरहत खान की विवादित पुस्तक के मामले में इंदौर पुलिस कमिश्नर को जांच कर दोषी होने पर 24 घंटे में एफआइआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। गृहमंत्री ने बताया कि इंदौर के शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय में राष्ट्र विरोधी गतिविधियां संचालित करने के मामले में जांच के आदेश के साथ 5 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल होने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में किसी भी हालत में नक्सलवाद को बढ़ने नहीं दिया जाएगा। अभी तक प्रदेश में 86 लाख रुपये के इनामी नक्सली या तो मार दिए गए हैं या जेल के सलाखों के पीछे हैं। गृहमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम और बेहतर समन्वय हेतु प्रदेश के सभी जिलों में कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआइए) का थाना खुलने जा रहा है। जिसका कार्य क्षेत्र संपूर्ण मध्यप्रदेश होगा।

गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के निर्देश

सोने की कीमत 27 महीनों में सबसे ऊंची

पिछले 10 दिन में 1 हजार 261 रुपए बढ़े दाम

मुंबई , ईएमएस। सोना एक बार फिर 53,600 रुपए प्रति 10 ग्राम से ऊपर निकल गया। ये करीब 27 महीनों में सोने की सबसे ऊंची कीमत है। इससे पहले 18 अगस्त 2020 को सोना 53,815 रुपए तक गया था। 2021 में इसने कभी 53 हजार का स्तर नहीं छुआ। दरअसल डॉलर में गिरावट के चलते दुनियाभर में सोने की कीमत बढ़ी है। इसका असर भारतीय बाजार में भी देखा जा रहा है। विश्लेषकों के मुताबिक, 2023 में भी सोने में तेजी जारी रह सकती है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, शुक्रवार को सोने (24 कैरेट) की कीमत 53,611 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। सिर्फ दो दिन में सोना 860 रुपए और बीते 10 दिन में 1,261 रुपए महंगा हो गया। 23 नवंबर को सोना 52,350 रुपए प्रति 10 ग्राम था। 2022 में इससे पहले सिर्फ एक बार 18 अप्रैल को सोना 53,600 से ऊपर 53,603 रुपए तक गया था। डॉलर में गिरावट के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना खरीदने के लिए अब ज्यादा डॉलर चुकाना पड़ रहा है।चीन में 22 जनवरी से नए साल का जश्न शुरू होगा, इस दौरान वहां सबसे ज्यादा सोना खरीदा जाता है।लोकल करंसी को सपोर्ट के लिए भारत-चीन समेत दुनियाभर के सेंट्रल बैंक लगातार सोना खरीद रहे हैं। अगले साल 61,000 तक पहुंचने के आसार 22 जनवरी से चीन में नए साल का जश्न शुरू हो रहा है। इस दौरान वहां सोने की सबसे ज्यादा खरीदारी होती है। इसके अलावा दुनियाभर के सेंट्रल बैंक लगातार सोना खरीद रहे हैं। इसके चलते सोने में तेजी जारी रहने की संभावना है। 'सोने जैसी कमोडिटी में तेजी अमूमन लंबे समय तक टिकती है। हमारा अनुमान है कि अगले साल सोना 60-61 हजार रुपए तक पहुंच सकता है।

डॉलर के कमजोर होने से आई तेजी

सूक्ष्म वैदिक गणना युक्त
विश्वसनीय पंचांग

जीवन ज्योतिष

सातवां भाव है जीवन की शक्ति

यदि पहला भाव शिव है तो सातवां भाव शक्ति है इस भाव से हम हमारे जीवन के साथी अर्थात पति या पत्नी को देखते हैं किसी भी व्यक्ति के लिये उसका जीवन साथी उसकी शक्ति होता है यदि आपका पारिवारिक जीवन अच्छा है तो आपके जीवन के बहुत सारे आयाम अपने आप ही अच्छे हो जाते हैं। यह महत्वपूर्ण जानकारी यशभारत के लोकप्रिय कार्यक्रम जीवन ज्योतिष में पूर्व डीआईजी ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा ने यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला से सांझा की।

वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं

व्यापार अर्थात् बिजनेस को भी प्रदर्शित करता है भाव

यह भाव जीवन साथी के अलावा आपके सभी पार्टनर्स को भी दिखाता है आप अपने जीवन में जिन भी व्यक्तियों के साथ मिलकर कोई भी काम करते हैं वे सभी व्यक्ति इस भाव द्वारा प्रदर्शित होते हैं। यह भाव आपके व्यापार अर्थात् बिजनेस को भी प्रदर्शित करता है आप किस प्रकार का व्यापार करेंगे आपके व्यापार में कितनी तरक्की होगी व्यापार में कब लाभ होगा कब हानि होगी। यह भी यही भाव बताता है इस प्रकार हम देखते हैं कि हमारे जीवन के लिये सातवां भाव बहुत ही महत्वपूर्ण भाव है।

मिलते हैं विवाह संबंधी प्रश्नों के उत्तर

हमारा पारिवारिक जीवन कैसा होगा पत्नी या पति कैसे होंगे। वैवाहिक जीवन कैसा होगा, विवाह कब होगा और किस प्रकार होगा। यह भी इसी भाव द्वारा प्रदर्शित होता है। विवाह से संबंधित सभी तरह के प्रश्नों के उत्तर इसी भाव से प्राप्त होते हैं। शुक्र इस भाव के सिगनिफिकेटर होते हैं तथा विवाह हेतु स्त्री की कुंडली में गुरू इस घर के सिगनिफिकेटर होते हैं, चूंकि यह घर व्यापार का घर भी है इसलिये बुध को भी इस घर का सिगनिफिकेटर माना जाता है। यह घर हमारे विपक्षी को भी प्रदर्शित करता है यदि हम किसी प्रतिस्पर्धा में हैं तो सातवां भाव हमारे प्रतिस्पर्धी को प्रदर्शित करता है।

यश भारत के लोकप्रिय कार्यक्रम जीवन ज्योतिष में ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा से संस्थापक आशीष शुक्ला की विशेष चर्चा

पद प्राप्ति का भी भाव

हमारा अपने सामने वाले व्यक्ति से किस तरह का इंटरेक्शन होगा यह भी इसी भाव से प्रदर्शित होता है यह भाव पद प्राप्ति का भी भाव है। चूंकि यह भाव चौथे भाव से चौथा और दसवें भाव से दसवां होता है इसलिये यह हमारे सुख, मान सम्मान एवं प्रतिष्ठा तथा व्यवसाय के लिये भी अत्यधिक महत्वपूर्ण भाव हो जाता है। शनि यहां पर उच्च के होते हैं और अच्छा फल प्रदान करते हैं।

भाव के फलों का निर्णय

इस प्रकार सातवें भाव से हमारे जीवन के अत्यधिक महत्वपूर्ण पहलुओं का निर्धारण होता हैं। सातवें भाव में कौन सी राशि है उस राशि के स्वामी किस भाव में बैठे हैं, सातवें भाव में कौन कौन से ग्रह बैठे हैं और कौन कौन से ग्रह उन्हें देख रहे हैं, सातवें भाव के स्वामी किन ग्रहों के साथ बैठे हैं और उन्हें कौन कौन देख रहा है आदि तथ्यों के आधार पर इस भाव के फलों का निर्णय होता है।

छोटे मोटे विवादों का निदान कर उत्पादन पर ध्यान दें

ओएफके में महाप्रबंधक से चर्चा के बाद धरना समाप्त

जबलपुर, यशभारत। आयुध निर्माणी खमरिया के द्वार क्रमांक 1 पर चल रहे क्रमिक धरने के समापन के लिए आज निर्माणी के महाप्रबंधक अशोक कुमार ने संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों से मुलाकात कर विभिन्न मांगों पर चर्चा की एवं निर्माणी को प्राप्त उत्पादन लक्ष्य पूर्ति में सहयोग करने की बात करते हुए कहा कि छोटे मोटे विवादों पर आपस में चर्चा कर हमें मुख्य ध्यान उत्पादन लक्ष्य पर केंद्रित करना है।प्रबंधन सभी मामलों में खुले मन से हमेशा चर्चा के लिए तैयार है। इसके पश्चात प्रशासनिक अधिकारी एन.डी.तिवारी एवं श्रम कल्याण अधिकारी बृजेश पाराशर ने श्रमिक नेताओं से मुलाकात कर उनकी मांगों पर की जा रही कार्यवाही से उनको अवगत कराया। तत्पश्चात महाप्रबंधक अशोक कुमार का श्रमिक नेताओं ने आभार प्रदर्शन किया और संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा धरना समाप्ति की घोषणा की गई।

6 साल बाद भी शुरू नहीं हुई निर्माण की प्रक्रिया

अंतर्राज्यीय बसस्टैंड निर्माण के लिए अप्रैल 2017 में हुआ था भूमि आवंटन

कटनी, यशभारत। शहर में विकास कार्यों को लेकर घोषणाएं तो खूब होती है, लेकिन समय पर उनमें अमल न होने से शहर की जनता उसका खामियाजा भुगतती है। उन्हीं में से एक है अतर्राज्जीय बस स्टैंड की घोषणा। जानकर ताज्जुब होगा कि अंर्राज्यीय बसस्टैंड निर्माण के लिए अप्रैल 2017 में कलेक्टर द्वारा 15 एकड़ जमीन परिवहन विभाग को आवंटित की गई है। ट्रांसपोर्ट नगर के आगे कुठला में जमीन का आवंटन हो गया है, लेकिन अबतक कोई प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई। जानकारी के अनुसार परिवहन विभाग की पहल पर 15 एकड़ जमीन का आवंटन ट्रांसपोर्ट नगर के समीप हुआ है। रिकार्ड में परिवहन विभाग के अधीन भी हो गई है, लेकिन बस स्टैंड का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया। शहर के प्रियदर्शनी बस स्टैंड से जबलपुर, सतना, रीवा, मैहर, पन्ना सहित अन्य जिलों के लिए हर दिन लगभग 200 बसें संचालित होती हैं, शहर के भीतर से बसों को गुजरने के कारण आवागमन बाधित होता है। आए दिन जाम की स्थिति बनती है। इससे बसों के अनावश्यक रुकने के कारण प्रदूषण बढ़ता है तो यात्रियों को भी परेशानी होती है। इसके बाद भी इस महत्वपूर्ण योजना पर न तो जनप्रतिनिधि और ना ही अफसर ध्यान दे रहे।

यात्रियों को होगी सहूलियत

जिले में अंतरराज्यीय बस स्टैंड का निर्माण होने से यात्रियों को भी सहूलियत मिलेगी। एक ही बस स्टैंड से आसानी से बसें मिल जाएगी। लगभग 15 एकड़ में बस स्टैंड बनने से बसों को खड़ा होने के लिए पर्याप्त जगह मिलेगी। वर्तमान बस स्टैंड में जगह की कमीं बनी हुई है। ऐसे में बसों को पेट्रोल पंपों या सड़कों पर खड़ा करना होता है। बाहर से आने वाले यात्रियों को भी सुविधा होगी। प्रियदर्शनी बस स्टैंड में बसों के खड़े होने के लिए पर्याप्त यार्ड नहीं बने हैं। यार्ड की कमीं होने के कारण परिसर के भीतर बस चालक मन माफिक बसों को खड़ा करते है। ऐसे में स्टैंड में जाम की स्थिति निर्मित होती है। आवागमन में यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बस स्टैंड से बहोरीबंद, बड़वारा, विजयराघवगढ़, कैमोर, बरही, मैहर, जबलपुर, सिहोरा, रीवा, सतना सहित अन्य क्षेत्रों के लिए बसें संचालित होती हैं। इनमें से अधिकांश बसें ग्रामीण क्षेत्रों से चलती है। ये बसें यात्रियों को लेकर सुबह ही स्टैंड आ जाती हैं और दिनभर स्टैंड में खड़ी रहती हैं। इसके बाद शाम को रवाना होती हैं। ऐसे में जिन बसों का संचालन सुबह व दोपहर के बीच होता है, वे बसें यार्ड में खड़ी नहीं हो पातीं।

पहाड़ी में नीम के पेड़ पर युवक ने लगाई फांसी

कैमोर, यशभारत। कैमोर पहाड़ी में पनिहाई मन्दिर से कुछ दूरी पर कुटिया के पीछे स्थित दुर्गा तलैया के समीप नीम के पेड़ से लटकी एक युवक की लाश बरामद हुई है। युवक की शिनाख्त खलवारा बाजार वार्ड क्रमांक 3 में रहने वाले ओमू केवट के रूप में हुई है। युवक ने खुद फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली है या उसके साथ कुछ अप्रिय हुआ है इसका खुलासा अभी नहीं हुआ। खबर लिखे जाने तक युवक का शव नीम के पेड़ पर लटका हुआ था। लोगों को पुलिस के घटना स्थल पहुंचने का इंतजार था। बताया गया कि दुर्गा तलैया नाम का यह स्थान पहाड़ी पर सुनसान इलाके में है जहां लोगों का आना - जाना बेहद कम होता है।

कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

पत्र क्रं./4206स्टोर/ 2022-23 कटनी, दिनांक - 23/11/2022

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि नगरपालिक निगम, कटनी में फायर वाहन, टैक्टर ट्रॉली, मैला टैंकर, ऑटो मैजिक, स्वराज माजदा हेतु टायर ट्यूब की आपूर्ति की आवश्यकता है। इस हेतु अधिकृत निविदाकारों से ई- टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाइन निविदायें www.mptenders. gov. in पोर्टल पर आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार पोर्टल पर दरें प्रस्तुत कर सकते हैं।

क्रं.	सामग्री का विवरण	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपए में)	अमानत राशि (रूपए में)	अनुमानित व्यय राशि (रूपए में)	समयावधि
1	फायर वाहन, ट्रैक्टर ट्रॉली, मैला टैंकर, ऑओ मैजिक, स्वराज माजदा हेतु टायर ट्यूब की आपूर्ति का कार्य	2000/-	8000/-	800000/-	03 माह

01. निविदा प्रपत्र क्रय एवं विड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 02/12/2022 सायंकाल 5:30 बजे से। 02 . निविदा प्रपत्र क्रय एवं विड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 19/12/2022 सायंकाल 5:30 बजे तक। 03. निविदादाता द्वारा प्रस्तुत बिड खोलने की तिथि 21.12.2022 प्रातः 11:00 बजे से। 04. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन सिर्फ ऑनलाईन किया जावेगा।

प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिक निगम, कटनी

नशे के कारण और दुष्परिणाम पर नुक्कड़ नाटक से दी जानकारी

जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम

कटनी, यशभारत। गत दिवस मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अध्ययनरत बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू के छात्र छात्राओं ने विकासखंड कटनी के ग्राम बरखेड़ा में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हाई स्कूल बडखेरा के छात्र छात्राओं के साथ नशा मुक्ति के संबंध में संवाद करते हुए नशे के कारण और दुष्परिणाम पर जानकारी नुक्कड़ नाटक और गीत प्रस्तुतीकरण के द्वारा दी गई। साथ ही उपस्थित छात्र छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई, द्वितीय चरण में ग्राम भ्रमण कर महिलाओं के समूह के साथ संवाद करते हुए छात्र-छात्राओं ने उन्हें नशे के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया। संपूर्ण विकास खंड में सभी ग्रामों में इस तरह के जागरूकता आयोजन छात्र छात्राओं के द्वारा आयोजित किए गए हैं । मध्यप्रदेश शासन द्वारा 2 अक्टूबर से 30 नवंबर तक चलाए गए नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का कार्यक्रम का समापन जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र के मार्गदर्शन, परामर्शदाता सुरेंद्र शुक्ला के नेतृत्व, शासकीय हाई स्कूल बड़खेरा के प्राचार्य, शिक्षक परिवार, छात्र-छात्राओं के सहयोग से संपन्न हुआ। इस आयोजन में विशेष रूप से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कार्यकर्ता कीर्ति दुबे, सीएमसीएलडीपी छात्र रजनी गर्ग, सुजाता दुबे, शालिनी दहिया, प्रशांत खम्परिया, माधव राठौर, नितेश उपाध्याय, अनीता साहू, रूपांश त्रिपाठी और अनामिका पटेल सहयोगी रहे।

कांग्रेस नेता जनाब रूस्तम भाई की मां का इंतकाल

कटनी, यशभारत। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व बड़वारा जनपद उपाध्यक्ष मोहम्मद हारिस रुस्तम भाई की मातुश्री एवं पूर्व विधायक गुलाम भाई के भाई स्व सरवर भाई की धर्मपत्नी श्रीमति आबिदा बेगम का 81वर्ष की अवस्था में विगत दिनों इंतकाल हो गया। उनका जनाजा उनके मिशन चौक स्थित निवास से निकाला गया। कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

यशभारत हैल्पलाइन अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार तीसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 02 से
दोपहर 2.30, 3.30 एवं रात्रि 9.30 बजे से

दृश्यम-2
कलाकार- अजय देवगन, श्रेया सरन, अक्षय खन्ना, तब्बू आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 2 शो ता. 02 से
दोपहर 12.30 एवं सायं 6.30 बजे से

भेड़िया
कलाकार- वरूण धवन, कृति सैनन, दीपक दोब्रियाल, अभिषेक बैनर्जी आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 02 से
दोपहर 12, 5.15, 7.45 एवं रात्रि 10.15 बजे से



AN ACTION HERO
कलाकार- आयुष्मान खुराना, जयदीप अहलावत, जितेन्द्र राय, मलाइका अरोड़ा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने वीरासन मंदिर में किए दर्शन

कटनी, यशभारत। बड़वारा विधानसभा के सिलौड़ी में जनजातीय गौरव यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर सिलौड़ी पहुँचें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा जी ने कार्यक्रम उपरांत सिलौड़ी स्थित मां वीरासन देवी के प्राचीन मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान राज्यसभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार, शहडोल सांसद श्रीमति हिमाद्री सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन, पूर्व मंत्री एवं गौरव यात्रा प्रभारी मोती कश्यप, मुड़वारा विधायक श्री संदीप जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय को स्थानीय भाजपा पदाधिकारीगण जिला उपाध्यक्ष सुरेश राय, जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय, भाजयुमो जिला सह मीडिया प्रभारी श्री अमित राय, उपसरपंच राहुल राय ने माता का तैलचित्र भेंट कर स्वागत किया।

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने जारी किया टाइम टेबिल

केन्द्र में परीक्षा के पहले बोर्ड छात्रों की होगी थर्मल स्क्रीनिंग

कटनी, यशभारत। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित हाईस्कूल कक्षा दसवीं एवं हायर सेकेंडरी कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं मार्च के महीने में शुरू हो रही है। माशिमं द्वारा जारी टाइम टेबिल के अनुसार दसवीं की परीक्षा एक मार्च एवं बारहवीं की परीक्षा 2 मार्च से शुरू होगी। दोनों परीक्षाएं सुबह 9 बजे से 12 बजे के बीच आयोजित होंगी। टाइम टेबिल जारी करते हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने नए निर्देश भी जारी किए गए हैं। परीक्षा केन्द्र पर समस्त परीक्षार्थियों की थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी। केन्द्र पर समस्त परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रातः 8:30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्ष में प्रातः 8:45 बजे के पश्चात किसी भी छात्र को प्रवेश नहीं दिया जावेगा। परीक्षा प्रारम्भ होने के 10 मिनिट के प्रातः 8:50 बजे से पूर्व छात्रों को उत्तर पुस्तिका एवं 5 मिनिट के प्रातः 8:55 बजे से पूर्व प्रश्न पत्र दिये जाएंगे। अभिभावकों से कहा गया है कि वे अपने बच्चों को कोविड 19 संक्रमण से बचाने के लिए उनके द्वारा बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दे, जिससे उनके बच्चे बीमार ना हो।

हाईस्कूल कक्षा दसवीं की परीक्षा का टाइम टेबिल

दिन	दिनांक	विषय
बुधवार	01.03.2023	हिन्दी
शुक्रवार	03.03.2023	उर्दू
मंगलवार	07.03.2023	सामाजिक विज्ञान
शनिवार	11.03.2023	गणित
मंगलवार	14.03.2023	संस्कृत
शुक्रवार	17.03.2023	अंग्रेजी
सोमवार	20.03.2023	विज्ञान
शनिवार	25.03.2023	मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिन्धी 2. मूक बधिर तथा दृष्टिहीन छात्रों के लिये, पेंटिंग, गायन वादन, तबला, पखावज, कम्प्यूटर
सोमवार	27.03.2023	नेशनल स्कील्स क्वालीफिकेशन फ्रेमवर्क के समस्त विषय

हायर सेकंडरी कक्षा बारहवीं की परीक्षा का टाइम टेबिल

दिन	दिनांक	विषय
गुरूवार	02.03.2023	हिन्दी
शनिवार	04.03.2023	अंग्रेजी
सोमवार	06.03.2023	फिजिक्स, अर्थशास्त्र, एनिमल हस्बेण्ड्री मिल्कट्रेड पोल्ट्रीफार्मिंग एंड फिसरीज विज्ञान के तत्व, भारतीय कला का इतिहास, प्रथम प्रश्न पद्ध व्होकेशनल कोर्स
शुक्रवार	10.03.2023	बॉयलॉजी
सोमवार	13.03.2023	बायोटेक्नालॉजी, गायन वादन, तबला पखावज
बुधवार	15.03.2023	राजनीति शास्त्र, द्वितीय प्रश्न पत्र व्होकेशनल कोर्स
शनिवार	18.03.2023	केमिस्ट्री, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, एली.ऑफ, साइंस एंड मैथमेटिक्स यूजफूल फॉर एग्रीकल्चर, ड्राइंग एंड पेंटिंग, गृह प्रबंधन पोषण एवं वस्त्रविज्ञान, तृतीय प्रश्न पत्र व्होकेशनल कोर्स
मंगलवार	21.03.2023	मेथमेटिक्स
शुक्रवार	24.03.2023	समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, कृषि (मानविकी) होम साइंस (कला समूह), ड्राइंग एंड डिजाइनिंग, बुक कीपिंग एंड एकाउंटेन्सी, इनवायरलमेंट एजुकेशन एंड रूरल डेवलपमेंट, इंटरप्रेनुअरशिप
सोमवार	27.03.2023	इन्फॉरमेटिक प्रेक्टिसेस
मंगलवार	28.03.2023	भूगोल, क्रॉप प्रोडेक्शन एंड हर्टिकल्चर स्टिल लाईफ एंड डिजाइन, शरीर रचना क्रिया विज्ञान एवं स्वास्थ्य
बुधवार	29.03.2023	उर्दू, मराठी
शुक्रवार	31.03.2023	नेशनल स्कील्स क्वालीफिकेशन फ्रेमवर्क के समस्त विषय
शनिवार	01.04.2023	संस्कृत

13 फरवरी से होंगी नियमित परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं

माशिमं भोपाल द्वारा जारी किए गए टाईम टेबिल के मुताबिक नियमित परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षायें उनके विद्यालय में आगामी 13 फरवरी 2023 से 26 फरवरी 2023 एवं स्वाध्यायी छात्रों की प्रायोगिक परीक्षाएं उन्हें आवंटित परीक्षा केन्द्र पर 1 मार्च 2023 से 30 मार्च 2023 के मध्य संचालित की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर प्रायोगिक परीक्षाएं अवकाश के दिनों में भी आयोजित की जा सकेगी। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी के नियमित एवं स्वाध्यायी छात्रों के लिये प्रायोगिक विषयों को छोड़कर समस्त विषय के प्रश्न पत्र 80 अंकों का होगा एवं स्वाध्यायी छात्रों के लिए 80 अंकों के प्राप्तांक का 100 प्रतिशत अधिभार देकर अंकसूची प्रदाय की जावेगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल आवश्यकता होने पर तिथि एवं समय में कभी भी बिना पूर्व सूचना के परिवर्तन कर सकता है, किन्तु संचार माध्यमों से संसूचित करेगा।

तेज गति से भाग रहा बिजली मीटर, शिकायत के बाद भी नहीं बदला

उपभोक्ता ने पहले 1912 फिर सीएम हेल्पलाइन 181 में दर्ज कराई शिकायत

कटनी, यशभारत। उपभोक्ताओं की शिकायतों को विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कितनी गंभीरता से लेते हैं और इन शिकायतों का निराकरण किस तरह किया जाता है, इसका जीता जागता उदाहरण सामने आया है।

बड़ी खिरहनी निवासी एक उपभोक्ता पिछले कई दिनों से मीटर में रीडिंग तेज रफ्तार से बढ़ने से परेशान हैं। पेशे से अधिवक्ता नितिन विश्वकर्मा ने यशभारत को दी गई शिकायत में बताया कि उनके घर पर लगे बिजली मीटर की रीडिंग अत्यधिक तेज रफ्तार से आगे बढ़ रही है। जिससे उनके घर का बिजली बिल भी अधिक आ रहा है, जिसकी शिकायत पहले उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से की, लेकिन जब शिकायत का निराकरण नहीं हुआ तो उन्होंने विद्युत विभाग के हेल्पलाइन नंबर 1912 में अपनी शिकायज दर्ज करवाई। इसके बाद भी न तो अधिकारियों ने उनसे संपर्क किया और न ही उनका मीटर बदला गया। परेशान होकर उन्होंने सीएम हेल्पलाइन 181 में अपनी शिकायत दर्ज कराई है। बताया जाता है कि जब मीटर अत्यधिक तेज गति से चलने लगा तो नितिन विश्वकर्मा द्वारा विगत 28 नवंबर को गणेश चौक स्थित कार्यालय में शिकायत दी गई, लेकिन कई दिन बीतने के बाद भी उनकी शिकायत पर ध्यान नहीं दिया गया। अधिवक्ता नितिन विश्वकर्मा ने बताया कि पिछले कई महीने से उनके घर पर बिजली बिल अधिक आ रहा है, इसके बाद भी विभाग के अधिकारियों द्वारा शिकायत का निराकरण करने का प्रयास नहीं किया जा रहा है।

उपभोक्ता के घर पर लगा बिजली मीटर, जो लगातार तेज गति से भाग रहा है।

लोड बढ़ने से शिवाजी नगर में ठप रही बिजली आपूर्ति

कुठला से लगे शिवाजी नगर में कल शुक्रवार को अचानक लोड बढ़ने के बाद पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। उपभोक्ताओं ने बताया कि लोड बढ़ने के बाद ट्रांसफार्मर में तकनीकी समस्या आने के बाद पहले पूरे क्षेत्र और बाद में कुछ घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। शाम होने के बाद भी सुधार कार्य चलता रहा लेकिन बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई।

जिले में दो हजार से ज्यादा क्षय रोगियों का चल रहा उपचार

पोषण पहल के अंतर्गत क्षयरोगियों को दिया जाएगा 6 महीने का पौष्टिक खाद्यान्न

कटनी, यशभारत। क्षय रोग की विभिषिका वही समझ सकता है, जिसने खुद या परिजन को उस रोग में ग्रस्त पाया हो। वैसे भी यह बीमारी गरीबी से ग्रस्त व्यक्तियों, विशेषकर युवाओं को प्रभावित करती है एवं बीमारी के कारण उनकी जीवीकोपार्जन की क्षमता को क्षीण करते हुए अनावश्यक उपचार पर व्यय व जीवन पर खतरे को बढ़ाती है। भारत सरकार ने इसे संवेदनशीलता से लेते हुए वर्ष 2025 तक इसके समूल निवारण का संकल्प लिया है एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर जनभागीदारी को बढ़ाने निक्षय मित्र पहल कर 17 सितंबर को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु द्वारा शुभारंभ किया गया है। जिले में वर्तमान में 2174 क्षय रोगी उपचार रत है। निक्षय मित्रों के माध्यम से न केतल उनके जांच, उपचार व पोषण में सहायता की जावेगी, वरन साथ ही उनके मनोबल व समाज में स्वीकार्यता में वृद्धि होगी। पोषण पहल के अंतर्गत प्रतिमाह रोगी को 7 रूपए राशि के मान से पोष्टिक खाद्यान्न 6 माह तक प्रदान किया जावेगा। पहल से प्रेरणा लेते हुए भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सभी 2174 रागियों का खाद्यान्न उपलब्ध कराने योजना बनाई गई है। इस हेतू कोई भी व्यक्ति भुगतान रेडकास सोसायटी को दे सकता है। इस राशि पर पैन कार्ड उपलब्ध कराने पर आयकर में छूट प्राप्त होगी। सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा ने शहर के सभी दानदाताओं से अनुरोध किया है कि राशि के साथ मोबाईल नंबर व पैन कार्ड नंबर अवश्य उपलब्ध कराएं। कलेक्टर अवि प्रसाद ने इस अभियान की शुरूआत दो रोगिया को गोद लेकर की है। कलेक्टर अवि प्रसाद, सभापति सुशील शर्मा, उप सभापति लालजी शर्मा, कोषाध्यक्ष रमेश खंडेलवाल, एमजेएस लांबा, गोविंद सचदेवा, डॉ साक्षी जैन, दीपक अग्निहोत्री, सारंग बजाज, अग्रज लहरिया, अंकित जैन, कार्यकारिणी सदस्य डॉ यशवंत वर्मा ने सभी रेडकास सदस्यों से इस हेतू एवं अन्य विषयों पर चर्चा के लिये 3 दिसम्बर को सायं 5 बजे नगरनिगम आडिटोरियम बस स्टैंड कटनी में रेडकास की सामान्य बैठक में सहभागिता प्रदान करने अपील की है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर द्वारा की जावेगी।

विश्व विकलांग दिवस : बच्चों ने बनाई रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता में दिखाए हुनर

जिला शिक्षा केन्द्र कटनी द्वारा विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर नगर निगम स्टेडियम में आज रंगोली प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़, क्रिकेट एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए न केवल आकर्षक रंगोली बनाई बल्कि चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया।

उमरियापान में गौरव यात्रा का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

उमरियापान, यशभारत। बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के सिलौंडी से शुरू हुई जनजाति गौरव यात्रा उमरियापान पहुंची। भमका से शुरू हुई गौरव यात्रा झिंना पिपरिया, ढीमरखेड़ा, पोंडीकला, पोंडी खुर्द, महनेर से होकर उमरियापान पहुंची। भाजपा कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद यात्रा टोला, बारबरेली, भनपुरा होते हुए मढाना गांव के लिए रवाना हो गई। जिलाध्यक्ष ने जनजाति गौरव यात्रा और जनजाति क्रांतिकारियों के तपोबल पर प्रकाश डाला। पेसा एक्ट की जानकारी दी। स्थानीय आदिवासियों को पुष्प माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कोल, जिला मंत्री विजय दुबे, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेश चौरसिया, मंडल अध्यक्ष गोविंद सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष शुशांक चौरसिया, नगर अध्यक्ष प्रदीप चौरसिया, जिपं सदस्य प्रिया सिंह, राजेश ब्यौहार, संदीप सोनी, सुधा सिंह, जयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

मांझी समाज की बैठक कल

कटनी, यशभारत। मांझी समाज जिला कटनी द्वारा आगामी 15 जनवरी रविवार को आयोजित हो रहे युवक-युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर एक आवश्यक बैठक का आयोजन कल 4 दिसंबर दिन रविवार को समाज के जिलाध्यक्ष महेश सोंधिया के आधारकाप स्थित निवास पर शाम 5 बजे से किया गया है। महेश सोंधिया, जिलाध्यक्ष, योगेश सोंधिया संरक्षक, रविकांत रैकवार कार्यक्रम अध्यक्ष एवं आशीष रैकवार नगर अध्यक्ष ने समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों से बैठक में पहुंचने का आग्रह किया है।

राहुल गांधी को भेंट की अपने रक्त से बनाई पेंटिंग

भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए विधायक एवं कांग्रेस नेता

कटनी, यशभारत। देश की संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग को रोकने, आपसी प्रेम, सद्भाव बढ़ाने, बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई के खिलाफ सांसद राहुल गांधी द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा के उज्जैन पहुंचने पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के कार्यवाहक अध्यक्ष करण सिंह चौहान एवं बड़वारा विधायक बसंत सिंह यात्रा में साथियों सहित सम्मिलित हुए। श्री चौहान ने बताया कि राहुल गांधी के साथ उज्जैन से पदयात्रा की। उनके साथ पदयात्रा कर रहे पूरे देश से आए पदयात्रियों से चर्चा का अवसर मिला। ऐसा महसूस हुआ, जैसे पूरे हिंदुस्तान का दर्शन मिल रहा है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री तरुण भनोट, पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह, विधायक बसंत सिंह भी उपस्थित रहे। उज्जैन से 12 किलोमीटर आगर मालवा रोड पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान का परिचय राहुल गांधी से कराते हुए कहा कि यह कटनी से आए हैं और बहुत सक्रिय रहते हैं। राहुल गांधी ने हाथ मिलाकर गले लगाया। इसी दौरान श्री चौहान एवं युवा साथी नवीन कोठारी ने अपने रक्त से पेंटिंग की गई राहुल गांधी की फोटो भेंट की।

राजेश, प्रगति व अटल बने महाविद्यालय के अध्यक्ष

उमरियापान, यशभारत। राज्य शासन द्वारा ढीमरखेड़ा तहसील के शासकीय कॉलेजों में क्षेत्र के 3 युवाओं को जन भागीदारी अध्यक्ष पद बनाय गया है। जिसमें उमरियापान के शासकीय महाविद्यालय में समाजसेवी राजेश ब्यौहार, सिलौंड़ी, महाविद्यालय में पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रगति राय, ढीमरखेड़ा महाविद्यालय में जनपद सदस्य अटल बिहारी वाजपेयी को जनभागीदारी अध्यक्ष पद पर शासन की ओर से जिम्मेदारी सौंपी गई है। तीनों अध्यक्षों ने कहा कि छात्र छात्राओं के हित में एवं महाविद्यालयों के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। क्षेत्रीय जनों में हर्ष व्यक्त करते हुए तीनों अध्यक्षों को बधाई, शुभकामनाएं दी हैं।

संगठन का होगा विस्तार, नये लोगों को बनाया जाएगा पदाधिकारी

कटनी, यशभरत। अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी विकास संघ के प्रांतीय अध्यक्ष पी के महार का आज ग्वालियर आगमन पर सुबह 8.30 महिला थाना पड़ाव ग्वालियर के पास होटल पार्क पर अजाक विकास संघ ग्वालियर के पदाधिकारियों ने पुष्पहारों से स्वागत किया तथा संगठन का मोमेंटम स्मृति चिन्ह भैंट कर ग्वालियर के पदाधिकारियों से मिलने के लिए समय देने पर सभी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर संगठन के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण जाटव ने ग्वालियर की गतिविधियो से अवगत कराया। श्री महार ने कहा कि संगठन का जिला शाखा ग्वालियर में बहुत अच्छा काम चल रहा है। संगठन के विस्तार के लिए नये लोगों को पदाधिकारी नियुक्त करने के लिए बोला और कहा कि बहुत जल्द ही नये प्रांताध्यक्ष का चुनाव भी कराना है। उन्होंने कहा कि अगला प्रांताध्यक्ष ग्वालियर से बनाया जायेगा, इसके लिए कोई योग्य कर्मठ एवं कर्मचारियों के हित में कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी को प्राथमिकता दी जायेगी। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष जवर सिंह, अग्र कार्यवाहक जिलाध्यक्ष ग्वालियर लक्ष्मी नारायण जाटव, अजय भारद्वाज, कटनी एन डी मौर्य, राजेंद्र पक्षबार, एच सी लचौरिया, विनोद कांत, हाकिम सिंह जाटव, रमन अम्ब, जितेंद्र कांसोटिया, बाबूलाल नागरिया, लालता प्रसाद, सोवरन शाक्य, खगेन्द्र स्वरूप, सतीस प्रजापति इत्यादि कर्मचारी उपस्थित रहे।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

सस्ती सुंदर 125/- में सिंगल बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली
कमानियागेट कटनी, मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)

संपादकीय

चीन को भारत की खरी -खरी

ऐसे समय में जब चीन की सीमा के निकट उत्तराखंड में भारत व अमेरिका की सेनाओं का साझा सैन्य अभ्यास चल रहा है चीन में खासी बेचैनी देखी जा रही है। इतना ही नहीं, चीन ने अमेरिका को चेताया है कि हम भारत के साथ अपने मुद्दे सुलझा लेंगे, इसमें अमेरिका दखल न दे। इसी बीच संयुक्त सैन्य युद्ध अभ्यास पर चीन की आपत्ति को भारत ने सिरे से खारिज कर दिया है। उसने दो टूक कहा है कि हमारे सैन्य अभ्यास को लेकर किसी भी तीसरे पक्ष को कोई मतलब नहीं होना चाहिए। भारत ने पलटवार करते हुए कहा कि चीन को पहले खुद आईने में झांकना चाहिए कि उसने पूर्वी लद्दाख में अतिक्रमण करके किस तरह समझौतों पर उल्लंघन किया है। साफ कहा कि दाल भात में मूसल चंद बनने की कोशिश न करे।चीन की इस बेचैनी की एक वजह हाल में अमेरिकी कांग्रेस के लिये तैयार पेंटागन की नवीनतम रिपोर्ट भी है, जिसमें चीन की रक्षा तैयारियों से उत्पन्न चुनौतियों का जिक्र है। जो भारत-अमेरिका समेत दुनिया की चिंता बढ़ाने वाली हैं। तभी चीनी अधिकारियों ने अपने अमेरिकी समकक्षों को नई दिल्ली के साथ बीजिंग के संबंधों में हस्तक्षेप न करने की चेतावनी दी है। कहा गया है कि चीन भारत के साथ रिश्तों में अमेरिकी दखल को गैर जरूरी मानता है। साथ ही कहा गया है कि भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं तथा सीमा गतिरोध को दूर करने की चीन इच्छा रखता है। वहीं भारत का मानना है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति बनाये रखे बिना समग्र संबंधों को सामान्य नहीं बनाया जा सकता। दरअसल, वास्तविक नियंत्रण रेखा से सौ किलोमीटर दूर उत्तराखंड में चल रहे भारतीय-अमेरिकी सैन्य अभ्यास को लेकर चीन ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। ऐसी ही प्रतिक्रिया चीन ने तब भी दी थी जब अमेरिकी सेना के पैसिफिक कमांडिंग जनरल ने पूर्वी लद्दाख में स्थित एलएसी पर चीन द्वारा संरचनात्मक निर्माण को खतरनाक बताया था। यहां तक कि चीनी विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी अधिकारियों पर आग में घी डालने तक का आरोप लगाया था। साथ ही अमेरिका को चेताया था कि बीजिंग और नई दिल्ली बातचीत से अपने मतभेदों को दूर करने की क्षमता और इच्छाशक्ति रखते हैं। यानी अमेरिका को इसमें दखल देने की जरूरत नहीं है। निश्चित रूप से यह चीन की दोहरी रणनीति का ही हिस्सा है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि चीन बयानबाजी और हकीकत के अंतर को पाटने में विफल रहा है। जमीनी स्तर पर उत्पन्न विसंगतियों को दूर करने की कोई ईमानदार कोशिश चीन की तरफ से होती नजर नहीं आती। जब बातचीत की प्रक्रिया शुरू होती है तो उसका रवैया अड़यिल होता है। यहां तक कि दोनों देशों के सैन्य कमांडरों ने पिछले दो वर्षों में सोलह दौर की बातचीत की है। जिसके बावजूद कई विवादित स्थलों से चीनी सैनिकों की वापसी का मुद्दा उलझा हुआ है। इस बात का चीन को अहसास होना चाहिए कि भारत के साथ उसके संबंधों में भरोसे की कमी के चलते ही वाशिंगटन को नई दिल्ली के साथ रक्षा और सामरिक सहयोग को मजबूत बनाने का अवसर मिला है। आज अमेरिका भारत को इस क्षेत्र में एक मजबूत सहयोगी के रूप में देखता है, जो साम्राज्यवादी चीन के निरंकुश व्यवहार पर अंकुश लगाने में सहायक हो सकता है। वहीं चीन की मंशा है कि सीमा पर विवाद तो न सुलझे मगर उसका व्यापार-कारोबार भारत में खूब फलता-फूलता रहे। यही वजह है कि चीन के साथ भारत का व्यापारिक घाटा लगभग 75 बिलियन डॉलर का हो गया है। भारत को सीमा गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में ढुलमुल रवैये को खत्म करने के लिये चीन को बाध्य करना चाहिए। साथ ही दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों की नये सिरे से समीक्षा भी की जानी चाहिए। जरूरत इस बात की भी है कि चीन पर देश की आयात निर्भरता को कम किया जाये। हमें इस बात से भी सतर्क रहना चाहिए कि बड़ी आबादी व आर्थिक संसाधनों वाले चीन ने हाल के वर्षों में अपनी परमाणु शक्ति के साथ ही अपनी नौसेना व वायुसेना को बहुत सशक्त बनाया है।

गीता के बारे में प्रचलित भ्रम और वास्तविकता

गीता जयंती 3 दिसंबर 22 पर विशेष

प्राचीन ग्रंथों में गीता की संस्कृत सबसे सरल है। साधारण हिन्दी जानने वाला भी दो तीन बार पढ़कर गीता की संस्कृत समझने लगता है। फिर सभी भाषाओं में गीता के प्रमाणित अनुवाद भी उपलब्ध हैं। -बिना धैर्य, लगन और मेहनत के कुछ नहीं मिलता फिर गीता जैसे समुद्र के रत्न किनारे पर बैठकर कैसे मिलेंगे ? गहरे मे गोता लगाने की हिम्मत हो, धैर्य, लगन, परिश्रम और श्रद्धा हो तो गीता बहुत सरल है। मानव जन्म रोने या पलायन करने के लिए नहीं अपितु हँसते-हँसते और परिस्थितियों से जूझते हुए आत्म-विकास करने के लिए मिला है। मानव शरीर प्राप्त कर यदि हम बाधाओं के सामने सिंह-गर्जन न करें और गरुड़ के समान उड़ान न भरें तो हमारा जीवन व्यर्थ है।

हिन्दू धर्म के अनुयायियों में गीता के प्रति अटूट श्रद्धा है क्योंकि वह स्वयं भगवान् के मुख से निकली हुई वाणी है। दूसरी ओर गीता के उपदेशों के प्रति अनभिज्ञता भी उतनी ही अधिक है। अनभिज्ञता की स्थिति तो इतनी विकट है कि सोशल मीडिया पर गीता के नाम पर कुछ भी उद्धरित किया जा रहा है और कहीं से भी किसी प्रकार के प्रतिवाद की आबाज सुनाई नहीं दे रही। गीता को ऐसे प्रचारित किया जा रहा है जैसे यह भी बाजार में मिलने वाली मोटिवेशनल किताबों जैसी ही है पर इतनी कठिन है कि समझ में नहीं आती। इन भ्रमों का निराकरण, गीता को समझने की पहली सीढ़ी हो सकता है।

गीता के बारे में सबसे बड़ा भ्रम बाजार में मिलनेवाले 'गीतासार' ने फैला दिया है जो कहता है कि ' जो हुआ वह अच्छा हुआ, जो हो रहा है वह भी अच्छा हो रहा है और जो होगा वह भी अच्छा होगा। तुम्हारा क्या गया जो तुम रोते हो ? तुम क्या लाए थे जो खो दिया ? तुमने जो लिया यहीं से लिया, जो दिया यहीं पर दिया। खाली हाथ आए थे खाली हाथ जाओगे।' आप पूरी गीता पढ़ लीजिए। यह शब्द तो छोड़िए, इतना निराशापूर्ण भाव कहीं नहीं मिलेगा। शायद गीतासार के अज्ञात लेखक ने केवल अर्जुन के विषाद को ही गीता की शिक्षा मान लिया। अर्जुन भी तो इसी प्रकार अपना कर्तव्य 'युद्ध' छोड़कर संसार से पलायन करके भिक्षा मॉगकर जीवन-यापन की बात कर रहा था पर इसके जवाब में भगवान् ने अपने पहले श्लोक (2.1-2) में ही अर्जुन इस प्रकार के विचारों के लिए डाँटा और कहा कि हृदय की दुर्बलता को त्याग कर उठ कर खड़ा हो जा। स्वामी विवेकानन्द ने कहा है कि यदि पूरी गीता विलुप्त हो जाए पर भगवान् के कहे दूसरे श्लोक की दूसरी पंक्ति बची रहे -क्षुद्रं हृदय दौर्बल्यं त्यक्तोतिष्ठ परंतप- तो भी गीता अपना उद्देश्य पूरा कर लेगी। पूरी गीता में अनेक स्थानों पर भगवान् ने कहा है कि दृढ़निश्चय करके युद्ध के लिए खड़े हो जाओ (2.37), ईश्वर न पुण्य देता है न पाप (5.15), हम अपने उत्थान व पतन के लिए स्वयं ही जिम्मेदार हैं (6.5), । गीता मानवीय गरिमा का उद्घोष कर रही है, हृदय की दुर्बलता को त्याग कर उठ खड़े होने की गर्जना कर रही हो वहीं गीतासार जैसे अप्रमाणित प्रचारों ने भ्रम का कुहासा छा दिया है।

प्राचीन काल से ही एक भ्रम यह रहा है कि महाभारत घर में रखने से घर में लड़ाई-झगड़ा होता है और गीता उसका ही एक भाग है इसलिए गीता के लिए भी यह बात सही है। ऐसे भ्रम उन पोंगापंथियों ने फैलाए हैं जिनका निहित स्वार्थ ही आम लोगों को बेबकूफ बनाए रखकर अपना उल्लू सीधा करना था। भला वे क्यों चाहेंगे कि आम लोग जीवन जीने और चेतना को उन्नयन करने की कला सीख सकें ? महाभारत केवल कथा नहीं है। उन कथाओं में धर्म और संस्कृति के जीवन मूल्य निहित हैं। और भैया, हम लड़ाई-झगड़े में तो वैसे भी दिन-रात एक किये पड़े हैं, महाभारत रखें ही नहीं पढ़ें भी तो शायद इस लड़ाई-झगड़े को समाप्त करने का कोई रास्ता दिखाई दे जाए।

कहा जाता है कि गीता तो बहुत कठिन है। इसे समझना आम आदमी के बस की बात नहीं है। वास्तविकता यह है कि प्राचीन ग्रंथों में गीता की संस्कृत सबसे सरल है। साधारण हिन्दी जानने वाला भी दो-तीन बार पढ़कर गीता की संस्कृत समझने लगता है। फिर सभी भाषाओं में गीता के प्रमाणित अनुवाद भी उपलब्ध हैं। हॉ, यह सही है कि गीता का अर्थ आसानी से समझ में नहीं आता। इसका कारण है कि गीता उच्च आध्यात्मिक ग्रंथ है जो आपको जीवन के अनमोल रत्न प्रदान करती है। कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है। आप साइकिल चलाना सीखना चाहते हो तो 4-5 दिन का प्रशिक्षण पर्याप्त होगा पर यदि स्पेश शटल उड़ाना हो तो पहले 10-15 वर्ष पढ़ाई करना पड़ेगी, 8-10 वर्ष कठोर प्रशिक्षण लेना पड़ेगा, कई परीक्षाएँ उत्तीर्ण करना पड़ेगीं तब जाकर उसे उड़ाने की योग्यता प्राप्त होगी। बिना धैर्य, लगन और मेहनत के कुछ नहीं मिलता फिर गीता जैसे समुद्र के रत्न किनारे पर बैठकर कैसे मिलेंगे ? गहरे मे गोता लगाने की हिम्मत हो, धैर्य, लगन, परिश्रम और श्रद्धा हो तो गीता बहुत सरल है।

गीता को संन्यासियों की पुस्तक माना जाता है। कई लोगों की मान्यता है कि बच्चे गीता पढ़ेंगे तो उन्हें वैराग्य हो जाएगा। गीता तो नैराश्य से निकालकर जीवन संग्राम में उतारने के लिए तैयार करती है। गीता, मनुष्य के मूल स्वभाव के अनुसार अपना स्वाभाविक कर्म करने पर बल देती है। वह मानव चित्त की गहनतम परतों का विश्लेषण करती है। वह पहले पुरुषार्थ पर बल देती है (2/27), जब पुरुषार्थ की सीमा हो जाती है तब ईश्?वर की शक्ति से जुड़कर उनका निमित्त बनने रास्ता दिखाती है (11/33) और अंत में सब कुछ ईश्वर को ही समर्पण करने की बात कहती है (18/66)। यह पुरुषार्थ से समर्पण तक की यात्रा है। इसकी सबसे ज्यादा जरूरत जीवन क्षेत्र में प्रवेश कर रहे युवाओं को है।

-ओमप्रकाश श्रीवास्तव
आईएएस अधिकारी तथा धर्म, दर्शन और साहित्य के आध्येता

ऐसा कहा जाता है कि गीता तो जीवन के अंतिम क्षणों में सुनाने के लिए है । निश्चित ही ईश्वर की वाणी कभी भी सुनें, कल्याण ही करेगी परंतु गीता स्वयं कहती है कि जीवन भर जो भाव रखा होगा वही अंत समय में स्मरण में आता है और उसी के अनुसार गति प्राप्त होती है (8/6)। इसलिए गीता जीवन के प्रारंभ में सुनना और उसी के अनुसार जीवन यापन करना अंत समय में गीता सुनने से ज्यादा प्रभावी होगा। जीवन अभी है, गीता सुन लें, गुन लें, मृत्यु के समय सुनकर तो पछतावा होगा कि काश जीवन रहते सुन ली होती।

धार्मिक कट्टरता के पोषक भी गीता का नाम लेकर भ्रम फैलाते हैं। इसके उदाहरण में गीता का श्लोक कहा जाता है जिसमें कहा है कि अपने धर्म में मरना भला है दूसरे का धर्म तो भयप्रद है (3/35)। गीता 5200 वर्ष पूर्व कही गई जब ईसाई, मुस्लिम जैसे धर्मों का जन्म ही नहीं हुआ था। इसलिए यहाँ धर्म शब्द का वह तात्पर्य नहीं हो सकता जो आधुनिक धर्मपरिवर्तन के लिए उपयोग होता है। यहाँ धर्म का तात्पर्य है स्वभाव से (जन्म से नहीं) नियत कर्म जैसे क्षत्रिय स्वभाव वालों के लिए युद्ध, ब्राह्मण स्वभाव वालों के लिए पठन-पाठन आदि, आश्रम व्यवस्था के अनुसार गृहस्थ, संन्यासी आदि के लिए नियत कर्म, सांसारिक व्यवस्था में नियत कर्तव्य जैसे पिता, राजा, सेवक आदि के कर्तव्य आदि। गीता तो सर्वसमावेशी है। वह सर्वत्र ब्रह्म को देखती है और हर तरह की उपासना पद्धति को स्वीकार करती है। गीता कहती है ईश्वर, भक्त के भाव को देखते हुए पत्र, पुष्प, फल, जल आदि जो भी अर्पण होता है उसे स्वीकार करता है (9/26), जो जिस देवता को पूजता है वह उसके माध्?यम से एकमात्र ब्रह्म को ही पूजता है (7/21-23)। गीता तो धार्मिक कट्टरता की घोर विरोधी है।

कहा जाता है कि गीता फल के बिना कार्य करने की बात कहती है जो संभव ही नहीं है। गीता ने भी ऐसा कभी नहीं कहा । कर्म का फल तो अनिवार्य रूप से मिलता ही है। गीता वस यह कहती है कि कर्म करना या न करना, कर्म किस तरीके से करना यह हम तय कर सकते हैं परंतु फल क्या मिलेगा यह कर्म के नियम से तय होगा जिसे हम नहीं बदल सकते (2/47)। इसलिए गीता, फल जो हमारे अधिकार में है ही नहीं, पर विचार करने की अपेक्षा, कर्म, जो हमारे अधिकार में है, करने पर जोर देती है और निष्काम कर्म के माध्यम से कर्म के बंधन से बचने का रास्ता बताती है।

तब प्रश्न यह है कि वास्तव में गीता का संदेश है क्या ? इसके उत्तर में मैं डॉ सुरेशचंद्र शर्मा की पुस्तक 'व्यक्तित्व विकास और गीता' से गीता-सार उद्धृत करना चाहूँगा जो इस प्रकार है -

-जीवन खेल का मैदान है जिसमें खेल, खिलाड़ी और खेल सामग्री सब कुछ भगवान् हैं।

-मानव जन्म रोने या पलायन करने के लिए नहीं अपितु हँसते-हँसते और परिस्थितियों से जूझते हुए आत्म-विकास करने के लिए मिला है।

-मानव शरीर प्राप्त कर यदि हम बाधाओं के सामने सिंह-गर्जन न करें और गरुड़ के समान उड़ान न भरें तो हमारा जीवन व्यर्थ है।

- भगवान् हमसे उद्दंडता और लाचारी रहित तेजस्वी जीवन की माँग करते हैं तथा मानव को आश्वासन देते हैं, 'रो मत, कार्य कर, मैं तेरे साथ हूँ'।

-हम सदैव कहते रहें कि मैं प्रभु की शक्ति से युक्त हूँ और मैं सब कुछ कर सकता हूँ, बन सकता हूँ।

जितनी जल्दी भ्रमों के कुहासे से निकलकर गीता को समझ सकें उतना ही हम अपने जीवन को सार्थक बना सकेंगे।

साल के आखिर में नौकरी के नये मौके

साल 2022 का जाता आखिरी महीना दिसंबर भी लाया है अपने साथ नौकरियों के ढेर सारे अवसर जिसमें हर तरह की शिक्षा प्राप्त युवाओं के लिए मौका बन रहा है। आइए जानते हैं ऐसे ही कुछ मौकों के बारे में। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने आबकारी आरक्षक के 200 पदों पर भर्ती निकाली है। आबकारी विभाग, मध्यप्रदेश के अंतर्गत आबकारी आरक्षक (कार्यपालिक) की सीधी भर्ती एवं बैकलॉग सीधी भर्ती के लिए चयन परीक्षा के संबंध में नियमावली और विज्ञापन जारी कर दिए गए हैं। जिसके अनुसार आवेदन पत्र भरने की तिथि 10 दिसंबर से शुरू होगी, जो 24 दिसंबर तक होगी। वहीं 10 दिसंबर से 29 दिसंबर तक आवेदन पत्र में संशोधन कर सकते हैं। आवेदन और परीक्षा से संबंधित नियम पुस्तिका मंडल की वेबसाइट पर उपलब्ध है, जिसमें उल्लेखित नियमों का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जाना चाहिए। आयोग की वेबसाइट पीईबी.एमपी.जीओवी.आईएन है। 51 पद रेगुलर एवं 149 बैकलॉग भर्ती के रखे गये हैं। आयु सीमा 18-33 वर्ष है जिसमें एससी, एसटी, ओबीसी एवं सभी वर्गों की महिलाओं को पांच वर्ष की छूट होगी। वेतनमान 19500-62000 होगा। बिहार कर्मचारी चयन आयोग ने सीनियर साइंटिस्ट और असिस्टेंट के पदों पर भर्तियां निकाली हैं जिनके लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन करने की आखिरी तारीख 24 दिसंबर 2022 है। इस भर्ती अभियान के माध्यम से कुल 100 पद भरे जाएंगे। वे उम्मीदवार इन भर्तियों के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिनके पास संबंधित क्षेत्र में मास्टर्स (स्नातकोत्तर) की डिग्री हो। इन पदों के लिए आयु सीमा 21 से 37 साल तय की गई है। आरक्षित श्रेणी को सरकारी नियमों के अनुसार आयु सीमा में छूट भी मिलेगी। परीक्षा शुल्क भी आपकी कैटेगरी के अनुसार भिन्न-भिन्न रखा गया है। चयनित उम्मीदवारों को लेवल 6 के मुताबिक 9300-38400 + ग्रेड पे 4200 सैलरी मिलेगी। आवेदन केवल ऑनलाइन ही होंगे। किसी और माध्यम से किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। इन आवेदनों हेतु विस्तृत विवरण ड्ढह्यह्यष्.ड्ढद्बद्धड्ढह्.द्दश1.द्बठ्ठ पर देख सकते हैं।स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने स्पेशलिस्ट कैडर ऑफिसर पदों पर आवेदन मांगे हैं। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार एसबीआई की आधिकारिक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योग्य आवेदकों को इस भर्ती के लिए कोई लिखित परीक्षा नहीं देनी होगी। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 22 नवंबर से शुरू हो चुकी है। नोटिफिकेशन के अनुसार स्पेशलिस्ट कैडर के कुल 65 पदों पर भर्ती होगी। 12 दिसंबर 2022 तक आवेदन किया जा सकता है। मैनेजर (प्रोजेक्ट्स-डिजिटल पेमेंट्स) के 05 पद, मैनेजर (प्रोडक्ट्स- डिजिटल पेमेंट्स/कार्ड्स) के 02 पद, मैनेजर (प्रोजेक्ट्स- डिजिटल प्लेटफॉर्म्स) के 02 पद, मैनेजर (प्रोजेक्ट्स- डिजिटल प्लेटफॉर्म्स)= के 02 पद, मैनेजर (क्रेडिट एनालिस्ट) = 55 पद, सर्किल एडवाइजर के 1 पद रिक्त हैं जिनको भरा जाना है। पद के अनुसार आयुसीमा और शैक्षणिक योग्यता ह्यड्ढद्ब.ष्श.द्बठ्ठ पर जाकर पढ़ी जा सकती है। मैनेजर पदों पर नौकरी पाने वाले योग्य उम्मीदवारों को एमएमजीएस-द्बद्बद्ब का पे स्केल 63840-1990/5-73790-2220/2-78230 रुपये देय होगा।

अजीतेन्दु

आपका राशिफल 04 दिसम्बर

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। प्रेमभाव बढ़ेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-3-5-6

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। शुभांक-1-3-5

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा)
कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। यात्रा का योग बनेगा। शुभांक-5-7-8

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-5-7

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें। शुभांक-5-7-9

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती हैं। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-6

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-6-8-9

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-6-7-9

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-7-8-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-2-5-7

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5

फिल्म वर्ग पहेली- 6006



बायें से दायें:-
१. 'ये तारा वो तारा' गीत वाली आशुतोष गोवारीकर की फिल्म-३
३. 'तुम्हें अपना बनाने की' गीत वाली संजयदत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-३
५. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली जतिन ग्रेवाल, नेहा की फिल्म-३
८. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'रामजी की निराली सवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली ऋषिकपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१०. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'कन्हैया कन्हैया तुझे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली अमिताभ, रवीना, नंदिता की फिल्म-२
१२. अमिताभ, जीनत की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'दिन सारा गुजारा' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा की फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'वो शाम कुछ अजीब थी' गीत वाली राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
१९. आमिर, जूही, ममता की 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'रिफ्यूजी' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-३
२४. अक्षयकुमार, करीना की 'दिल ले गया परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'बहारों फूल बरसाओ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२८. किशोरकुमार की 'एक चतुर नार करके सिंगार' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'फिर वही चांद वही गम' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म-३
३०. डिनो, बिपाशा की 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-
१. 'कैसे कटे दिन कैसे' गीत वाली राजेश, गोविंदा, जूही की फिल्म-२
२. अमिताभ, जयाप्रदा की 'मंजिलें अपनी जगह हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'तेरे नाम' में नायक कौन था-४,२
४. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
५. काहे कोयल शोर, मचाये' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
६. जीतेंद्र, लीना चंदावरकर की 'तूने तूने ओ सनम' गीत वाली फिल्म-४
९. 'है मुबारक आज का' गीत वाली मिथुन चक्रवर्ती, रति की फिल्म-३
११. संजय दत्त, अनिता की 'तुन्ना तुन्ना तक तक तुन्ना' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'हम तुम को निगाहो' गीत वाली सलमान, अरबाज, शिल्पा की फिल्म-२
१६. राजकपूर, वहीदा रहमान की 'सजन रे झूठ मत बोलो' गीत वाली फिल्म-३,३
१८. फिल्म 'मिस ४२०' में नायिका कौन थी-२
२०. सनी देओल, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'तू धरती पे चाहे जहाँ' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-२
२३. अजय देवगन, अमीषा पटेल की 'प्यार तो होता है प्यार' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'मेरे अंगने में तुम्हारा' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
२६. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की 'एक बगिया में रहती है' गीत वाली फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 6005

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल- 6518

★☆☆☆☆ सरल

			2				3	
		9		8		2	6	4
1				3	6		9	
4		3						
	8			2			1	
						8		6
	4		7	5				3
3	7	5		4		1		
	2				8			

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6517 का हल

8	4	5	6	1	3	7	2	9
7	2	6	4	9	5	3	8	1
9	3	1	7	8	2	6	5	4
1	7	2	9	6	8	4	3	5
5	6	9	3	2	4	1	7	8
4	8	3	5	7	1	9	6	2
2	9	7	1	5	6	8	4	3
3	1	8	2	4	7	5	9	6
6	5	4	8	3	9	2	1	7

विचार प्रवाह

पुराणों में लिखा है कि 1 बेटी 10 बेटों के बराबर होती है। बेटा तो तभी तक अपना है, जब तक उसकी शादी नहीं हुई। पर बेटी ताउम्र आपकी है। जब कभी आप जरा सी भी तकलीफ में होंगे तो बेटी खुद तो दौड़ी आएगी ही, साथ में दामाद को भी खींच लाएगी। गुजराती में बेमीन्स दो होता है। बेटी दो चाय है। वह मायके वालों को भी ताजगी देती है और ससुराल वालों को भी।

-मुनिश्री तरुण सागर

शब्द पहेली - 7557



बाएँ से दाएँ
1. घूमना-फिरना-4
4. पक्षियों का शोर-4
7. धोखाधड़ी, मक्कारी-5
9. भस्म, खाक-2
11. आज्ञापालक, कर्मचारी-2
12. मगन, लीन-2
13. नेत्रावरण-3
15. त्याग, दक्षिणा-2
16. जीभ, जिव्हा-3
17. मक्खन-3
18. पेड़ का मध्य व मोट भाग-2
19. गर्भ-3
21. निवास, रहना-2
23. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. पानी, नीर-2
25. इच्छा पूर्ति करना-5
29. एक मुस्लिम महीना-4
30. भाग्य, नसीब-4

ऊपर से नीचे
1. अनबन, झगड़ा-4
2. भालू-2
3. परिणाम-2
4. प्याला-2
5. बालों का गुच्छा-2
6. वर, इच्छापूर्ति-4
8. नीरज, जलज-3
10. भयानक-5
11. दयालु-5
13. आश्रय, शरण-3
14. करिश्मा, करतब-3
18. तहखाना-4
20. मगरमच्छ-3
22. शलवार, पायजामा-4
25. आनंद-2
26. झुका हुआ-2
27. पत्र, चिट्ठी-2
28. नासिका, घ्राणेंद्रिय-2

शब्द पहेली -7556 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

आज भी त्रासदी का जख्म झेल रहे गैस पीड़ित

भोपाल,यशभारत। आज ही के दिन दो और तीन दिसंबर 1984 की दरमियानी रात विश्व की बड़ी त्रासदी में शामिल भोपाल गैस कांड हुआ था। उस काली रात में जान बचाने के लिए जेपी नगर समेत पुराने भोपाल के रहवासी दूर-दराज के क्षेत्रों में भाग रहे थे। हर तरफ भागो-भागो का शोर सुनाई दे रहा था। चारों तरफ जमीन में लाशें पड़ी हुई थी। हजारों की संख्या में लोगों को गैस लगी थी।लेकिन त्रासदी के 38 वर्ष बाद भी लोगों के जख्म हरे हैं। आज भी इसका दंश जेपी नगर और आसपास के रहवासी झेल रहे हैं। सैकड़ो लोग कैंसर, किडनी और फेफड़े की बीमारी से तड़प रहे हैं।

38 वर्ष बाद भी नहीं भरे घाव

घटना के चश्मदीद आज भी वह डरावनी रात को याद करके सहम जाते हैं। गैस कांड के पीड़ित फरीद शेख ने बताया कि वो काली रात भूली नहीं जा सकती।आधी रात तेज मिर्ची की गंध उठी और चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। लोग सुरक्षित ठिकानों की ओर भागने लगे। हम भी परिवार वालों को लेकर जेपी नगर से निकल गए। नादरा बस स्टैंड तक पहुंचने में पत्नी तीन बार गिरी। हम उसे बचाने की बजाय वहीं छोड बच्चों की जान बचाने के लिए बोगदा पुल की ओर भागने लगे। वहां पुहंचे तो पुलिस वाले लोगों को भगा रहे थे। किसी तरह हम होशंगाबाद पुहंचे। इस त्रासदी की वजह से हमारा परिवार बिखर गया। उस दरमियान मेरी आंखो के सामने जो गिरा वो वापस नहीं उठा। ऐसा लग रहा था, जैसे कोई मौत का खेल खेल रहा है। अपने बच्चों को लेकर लोग इधर से उधर भाग रहे थे।गैस पीड़ितों को कैंसर, किडनी, फेफड़े, हार्ट और दमे जैसी खतरनाक बीमारियां हो गई हैं। लेकिन इनको ईलाज नहीं मिल पा रहा है। यूका प्रबंधन ने दिसंबर 1984 में गैस रिसाव के बाद कारखाने परिसर में मौजूद जहरीले कचरे को कारखाने के भीतर एवं बाहर कई स्थानों पर जमीन के नीचे दबाया था। कारखाने के बाहर स्थित तीन तालाबों में 8-10 हजार टन जहरीला कचरा दबा हुआ है। वहीं कारखाना वेयर हाउस में लगभग 350 टन जहरीला रासायनिक कचरा रखा हुआ है। इस जहरीले कचरे का रसायन वर्षा के पानी में घुलकर जमीन में पहुंच रहा है। इससे भूजल स्त्रोतों से निकल रहा पानी भी जहरीला हो गया है।सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर 13-18 अगस्त 2015 तक पीथमपुर में चामकीज कंपनी के इंसीनरेटर में जहरीला कचरा जलाया गया। ट्रीटमेंट स्टोरेज डिस्पोजल फेसीलिटीज (टीएसडीएफ) संयंत्र से इसके निष्पादन में पर्यावरण पर कितना असर पड़ा, इसकी रिपोर्ट केंद्रीय वन-पर्यावरण मंत्रालय को चली गई है। मामले में 3 मार्च 2016 के बाद सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई भी नहीं हुई।

अग्निशमन एक्ट लागू होने के बाद तहसील स्तर पर खुलेंगे फायर स्टेशन

भोपाल, ईएमएस। मप्र का फायर एक्ट तैयार हो चुका है। इसे जल्द ही लागू किया जाएगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने अग्निशमन अधिनियम बनाकर परीक्षण के लिए विभाग के प्रमुख सचिव के पास भेजा है। इसके बाद इसे मंत्रिपरिषद के समक्ष रखा जाएगा। इसके लागू होते ही प्रदेश में इस संबंध में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे।बता दें कि केंद्र ने वर्ष 2016 से मप्र में फायर एक्ट लागू करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद 2019 में माडल फायर एक्ट बनाया गया। इसे मंत्रिपरिषद में पास होने के लिए भेजा गया, लेकिन उसी समय केंद्रीय फायर एक्ट में कुछ बदलाव हो गया। इसके बाद फाइल वापस नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भेज दी गई। वर्ष 2020 में इसमें बदलाव कर फिर से प्रमुख सचिव के पास भेजा गया, लेकिन मंत्री परिषद में रखने से पहले ही कांग्रेस की सरकार बदल गई। नई सरकार बनते

ही इस एक्ट को फिर ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। जबलपुर के अस्पताल में आग लगने के बाद फिर से इस चर्चा शुरू हो गई। नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने एक्ट को जल्दी बनाकर मंत्री परिषद में भेजने के निर्देश दो माह पूर्व दिए हैं। अब नए सिरे से फायर एक्ट में संशोधन कर प्रमुख सचिव के पास भेजा गया है। इसके बाद मंत्री परिषद में लाया जाएगा। अग्नि दुर्घटना होने पर यदि अग्निशमन अधिकारी को लगता है कि लापरवाही बरती गई है तो संबंधित संस्था को सील किया जा सकेगा। फायर एनओसी नहीं लेने पर नोटिस देने के अधिकार भी मिल जाएंगे। भीड़-भाड़ या उपद्रव की स्थिति में धारा 144 लगाने का अधिकार होगा। यदि किसी बहुमंजिला इमारत में स्कूल, कोचिंग, अस्पताल, शापिंग माल या अन्य संस्थान चल रहे होंगे तो वहां अग्निशमन अधिकारी कभी भी निरीक्षण कर सकेगा। - अलग विभाग बनने के बाद सुविधाएं ब?ेंगी। हर जिले में विभागीय कार्यालय होगा। तहसील स्तर पर फायर स्टेशन खुलेंगे।- आग लगने पर अग्निशमन अधिकारी जांच करेंगे। कमी मिलने पर कार्रवाई का अधिकार होगा। नुकसान की क्षतिपूर्ति मिलेगी।

आयुष्मान योजना में गड़बड़ी की शिकायतों पर हटाए गए संचालक स्वास्थ्य अनुराग चौधरी

भोपाल,ईएमएस। आयुष्मान योजना में अस्पतालों को मान्यता देने और भुगतान से जुड़ी शिकायतों को लेकर सरकार ने संचालक स्वास्थ्य सेवाएं अनुराग चौधरी को हटा दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय लगातार शिकायत पहुंच रहीं थी कि योजना के क्रियान्वयन में गड़बड़ियां हो रही हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की नाराजगी के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने अनुराग चौधरी को हटाने का आदेश जारी कर दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग की उप सचिव अदिति गर्ग को संचालक स्वास्थ्य सेवाएं बनाया गया है। प्रदेश सरकार ने आयुष्मान योजना से जुड़ी गड़बड़ियों को लेकर मिली रही शिकायतों को गंभीरता से लिया है। सूत्रों का कहना है कि योजना से अस्पताल को संबद्ध करने और बिलों के भुगतान को लेकर कुछ आडियो और वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुए थे। इनकी जानकारी उच्च पदस्थ अधिकारियों को भी मिली पर सत्यतता की पुष्टि नहीं हुई। इससे प्रभावित हो रही छवि को देखते हुए सरकार ने अनुराग चौधरी को स्वास्थ्य विभाग से हटाकर पशुपालन, डेयरी, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग में उप सचिव पदस्थ कर दिया।वहीं, पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव होने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राकेश सिंह का तबादला महिला एवं बाल विकास विभाग में अपर सचिव के पद पर किया है। वे महिला एवं वित्त विकास निगम की प्रबंध संचालक स्वाति मीणा नायक के अवकाश पर रहने तक निगम के प्रबंध संचालक भी रहेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग का सचिव सत्येंद्र सिंह को बनाया गया है। वे अभी अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास हैं।

गीता जयंती पर्व पर शहर में आज से पांच दिसंबर तक धार्मिक कार्यक्रम

भोपाल, नवदुनिया प्रतिनिधि। सनातन परंपरा में श्रीमद् भागवत गीता का बहुत ज्यादा महत्व है। यह भगवान श्री विष्णु के आठवें अवतार माने जाने वाले भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए उपदेश पर आधारित पवित्र धार्मिक ग्रंथ है, जिसे उन्होंने महाभारत के युद्ध के समय कहा था।

धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता के उपदेश मार्गशीर्ष मास के शुक्लपक्ष की एकादशी को दिया था, इसीलिए इस दिन पूरे देश में गीता जयंती का महापर्व मनाया जाता है। गीता जयंती का पर्व तीन दिसंबर को मनाया जाएगा। मार्गशीर्ष के महीने में शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को अस्तित्व में आई थी, इसलिए पवित्र पुस्तक गीता की 5159 वीं जयंती मनाई जाएगी।

गीता जयंती महोत्सव तीन दिन तक चलेगा

शंकर नगर में आज से गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत तीन दिवसीय गीता प्रवचन होंगे। धर्म अध्यात्म समाज सेवा एवं संस्कार समिति की ओर से गीता जयंती के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम होगा। समिति के पं. रूपनारायण शास्त्री ने बताया कि इसमें महाराज वैभव भटेले दोपहर तीन से पांच बजे तक भागवत गीता पर प्रवचन देंगे। गीता जयंती की पूर्वसंध्या पर आज गीता पाठ के साथ गीता जयंती महोत्सव एवं प्रवचन शुरू होगा और पांच दिसंबर को कर्म भक्ति और ज्ञान पर आधारित प्रवचन के साथ महोत्सव का समापन होगा।

धूमधाम से मनाई जाएगी गीता जयंती

उदासीन आश्रम मरघटिया महावीर मंदिर शाहजंहानाबाद में शक्ति सेवा समिति की ओर से तीन दिसंबर को गीता जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस मौके पर अनेक साधु-संत मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान भगवान राधा कृष्ण के समक्ष गोमाता, गीता पूजन के साथ श्रीमद् भागवत गीता पर व्याख्यान तथा गीता पाठ पूजा आरती होगी। इसके साथ ही स्वाध्याय, चिंतन मनन, अनुकरण के लिए जनमानस को प्ररित करने गीता प्रेमियों के लिए गीता शिविर आयोजन किया जाएगा। इसमें गीता के उपदेशों पर विचार मंथन होगा।

भारत जोड़ो यात्रा के बाद चुनावी जमावट के लिए मैदान में उतरेंगे कांग्रेस के राष्ट्रीय पदाधिकारी

भोपाल ,यशभारत। मध्य प्रदेश में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय पदाधिकारी चुनावी जमावट के लिए मैदान में उतरेंगे। प्रदेश प्रभारी जयप्रकाश अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव सह संगठन प्रभारी सीपी मित्तल, कुलदीप इंदौरा, संजय कपूर और सुधांशु त्रिवेदी प्रदेश के अलग-अलग जिलों में दौरे करेंगे।

इसमें जिला और ब्लाक इकाइयों के साथ बैठक करके चुनाव की तैयारियों को देखेंगे। इसके बाद संभागीय सम्मेलन का सिलसिला शुरू होगा। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि जल्द ही जिला और ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्तियां भी होंगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ 15 दिसंबर के बाद प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक बुलाकर आगामी कार्ययोजना पर चर्चा करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस ने चुनाव की तैयारियां राहुल गांधी की यात्रा के पहले ही प्रारंभ कर दी है। प्रदेश प्रभारी महासचिव जय प्रकाश अग्रवाल कुछ जिलों का दौरा कर चुके हैं। अब सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी दो माह में सभी जिलों में बैठक करके एक-एक विधानसभा क्षेत्र में तैयारियों की स्थिति देखेंगे। इसमें कार्यकर्ताओं से क्षेत्रीय समीकरणों के अलावा चुनाव लड़ने वाले दावेदारों को लेकर भी चर्चा की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ अपने स्तर पर सर्वे कराएंगे तो संगठन भी जानकारी एकत्र करके विधानसभा क्षेत्रवार प्रतिवेदन तैयार करेगा। इसमें वर्तमान विधायकों की क्षेत्र में सक्रियता, पार्टी के कार्यक्रमों में सहभागिता, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से समन्वय, मतदान केंद्र स्तर पर तैयारी आदि का ब्योरा रहेगा। प्रदेश संगठन के प्रभारी चंद्रप्रभाष शेखर का कहना है कि राहुल गांधी की यात्रा से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। पूरे प्रदेश से कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हुए हैं। सबने मिलकर इसे सफल बनाया है। अब इस उत्साह को चुनाव तक बरकरार रखने के लिए कार्यक्रम बनाए जाएंगे। पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के अलावा जिला प्रभारी व सह प्रभारियों के दौरा कार्यक्रम भी तय किए जा रहे हैं। जल्द ही संभाग स्तर पर बूथ, मंडलम और सेक्टर पदाधिकारियों के सम्मेलन की शुरुआत भी होगी। सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी की यात्रा के बाद संगठन स्तर पर परिवर्तन भी होगा। विधायक झूमा सोलंकी, फूदेलाल मार्को, राकेश मावई जिला अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे चुके हैं। इनके स्थान पर नई नियुक्तियां होनी हैं। इसी तरह सौ से ज्यादा ब्लाक अध्यक्षों को बदला जाना है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव और फिर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के कारण यह प्रक्रिया रुक गई थी। अब एक माह के भीतर संगठन स्तर पर जो परिवर्तन किया जाना है, उसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

मध्य प्रदेश में खराब सड़कों पर नाराज हुए मुख्यमंत्री

न दिखें गड्ढे ,मरम्मत और पैच वर्क तेजी से करें, रोड एसेट मैनेजमेंट सिस्टम का बेहतर उपयोग करें।

भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश की खराब सड़कों को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को जमकर नाराज हुए। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में सड़कों की मरम्मत का कार्य समय-सीमा में किया जाए। सड़कों की मरम्मत में संबंधित एजेंसी एवं ठेकेदार किसी भी तरह की लापरवाही नहीं करें। कार्यों में विलंब होने पर संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी नियमित रूप से सड़कों की मानिटरिंग करें। जन-भावनाओं के अनुरूप सड़कें युद्ध स्तर पर ठीक कराई जाएं।

मुख्यमंत्री चौहान अपने निवास पर सड़कों से संबंधित विभागों की समीक्षा कर रहे थे। लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव बैठक से वर्चुअली जुड़े। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री रामखिलावन पटेल, लोक निर्माण विभाग राज्य मंत्री सुरेश धाकड़, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि सड़कों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अच्छी सड़कें बनें, इस बात का विशेष ध्यान दें। सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता से करें। मरम्मत कार्य के लिए सोच-समझकर रणनीति बनाई जाए।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि सड़कों की स्थिति बेहतर रखने के लिए अधिकारी सड़कों पर रहें और सतत रूप से निरीक्षण करें। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की सड़कों की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि सड़कों पर गड्ढे न दिखें। मरम्मत और पैच वर्क तेजी से करें। रोड एसेट मैनेजमेंट सिस्टम का बेहतर उपयोग करें।मुख्यमंत्री चौहान ने नगरीय विकास विभाग की सड़कों की समीक्षा के दौरान कहा कि रणनीति में बुनियादी परिवर्तन कर सड़कों के रख-रखाव पर अधिक ध्यान दिया जाए। सभी शहरों की सड़कें अच्छी हों, जिससे नागरिकों को संतोष हो। नये सीमेंट-कंक्रीट रोड बनाए जाएं, जो अधिक समय तक चल सकें। निकायों की खराब सड़कों की मरम्मत के लिए लगभग 850 करोड़ रुपये राशि की आवश्यकता होगी। कायाकल्प अभियान में सड़कों की मरम्मत की जाएगी। लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि सड़कों की मरम्मत के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

भेल देश की एक ऐसी इंजीनियरिंग व विनिर्माण कंपनी है जिसके पास असीमित क्षमता : सिंघल

भोपाल, यशभारत। आज हमारे समक्ष असीमित संभावनाएं हैं। इसमें संदेह नहीं कि हमारे समक्ष कई चुनौतियां हैं, लेकिन यह भी अडिग सत्य है कि भविष्य हमारा है। यह बात शुक्रवार को डा नलिन सिंघल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक भेल भोपाल कारखानें में अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुआ कहा। उन्होंने कहा कि हमें आज आत्मनिर्भर भारतऔर विश्व में भारत के परिदृश्य में अपनी इंजीनियरिंग एवं विनिर्माण क्षमताओं का पूर्ण उपयोग करते हुए अपना सामर्थ्य प्रदर्शित करने की जरूरत है और फिर इसमें कोई संदेह नहीं कि भविष्य भेल का है। हमें बड़ा सोचने की जरूरत है। आज परिवहन, न्यूक्लियर सहित अधोसंरचना के विभिन्न क्षेत्रों में असीम संभावनाएं हैं और हमें इसका लाभ उठाना है। डा सिंघल ने कारखाना अवलोकन के दौरान ट्रांसफार्मर ब्लाक, यूएचवी लैब, न्?यू-ट्रांसफार्मर ब?लाक, टीपीटीएन (परिवहन समूह),सीइटी लेब, ब?लाक-एक में विभिन्न उत्?पाद समूहों, एचवीओएफ तथा हाइड्रो लैब का विशेष रूप से अवलोकन करते हुए जाबों की गुणता, इंजीनियरिंग से संबंधित पहलुओं पर अधिकारियों और कर्मचारियों से चर्चा की। अपने सुझाव दिए। सभी महाप्रबंधकों एवं विभाग प्रमुखों से पूरे संयंत्र में चल रहे उत?पादन कार्य के बारे में चर्चा की। निर्धारित लक्?य की प्राप्ति के लिए चल रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए इसकी प्रशंसा की। सीएमडी ने इंजीनियरिंग एवं गुणता प्रमुखों के साथ एक समीक्षा बैठक में भोपाल यूनिट द्वारा महत?वपूर्ण क्षेत्रों में श्रीडी माडलिंग, केन्द्रीय, विद्युत प्राधिकरण के दिशानिर्देशों के अनुरूप विभिन्न रेंज के ट्रांसफार्मरों के लिए नए डिजाइनों के विकास, कम्पोनेंट ड्राइंगों के मानकीकरण, रेलवे परिवहन के क्षेत्र में टीपीटीएन समूह द्वारा सेमी हाई स्पीड ट्रेनों के लिए नए ट्रेक्शन मोटरों के विकास की सराहना की। विभिन्न विभागों के गुणता प्रमुखों ने उत्पादों में गुणता के क्षेत्र में सुधार के लिए प्रस्तुतीकरण दिया।

रातीबड़ टीआई ने अचानक छोड़ा थाना, एसआई को दिया चार्ज

भोपाल, यशभारत। राजधानी में चुनाव के आते ही प्रशासन के साथ अब भोपाल पुलिस में भी तनाव बढ़ता जा रहा है। इसी का नतीजा है कि रातीबड़ थाने के प्रभारी वीरेंद्र सिंह चौहान ने अचानक से थाने विदा ले ली और अपना चार्ज थाने के एसआइ को दे दिया। आला अधिकारी को भनक लगी तो उन्होंने मामले की जानकारी ली। इस बात की जानकारी नहीं मिल सकी है कि आखिरकार टीआइ ने थाने से इस तरह से रवानगी क्यों ले ली। हालांकि चर्चा है कि राजनीतिक दखल के कारण उन्होंने ऐसा कदम उठाया। बता दें कि 92 सीधी भर्ती के एसआइ और वर्तमान निरीक्षक वीरेंद्र सिंह चौहान अभी 15 दिन पहले ही वीरेंद्र सिंह चौहान को जहांगीराबाद थाने से रातीबड़ थाना प्रभारी बनाया गया था। उसके बाद उन्होंने थाने में आमद देकर काम करना भी शुरू कर दिया था। उन्होंने थाने में आते ही चोरी की घटनाओं की घटना और सड़क पर खड़े होकर शराब पीने वालों पर कार्रवाई करना शुरू कर दिया,लेकिन शुक्रवार को अचानक से उन्होंने थाने से रवानगी ले ली और थाने के एसआइ मनोज दबे को थाने का प्रभार देकर विदा ले ली। इस मामले पर जब आला अधिकारियों से जानकारी लेनी चाही तो अधिकारियों ने पूरे मामले पर चुप्पी साध ली है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि थाने में राजनीतिक दखलअंदाजी ज्यादा हो रही थी कि इस कारण से निरीक्षक ने यह कदम उठाया।

मध्य प्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व में जंगली भैंसे बसाएगी सरकार

भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व में राज्य सरकार जंगली भैंसे बसाएगी। मध्य प्रदेश सरकार का वन विभाग आसाम सरकार को पत्र लिखकर जंगली भैंसों की मांग करेगा। अगर सब कुछ ठीक रहा तो कान्हा टाइगर रिजर्व में पर्यटक जंगली भैंसों का दीदार कर सकेंगे। कान्हा में जंगली भैंसों के अनुकूल वातावरण है या नहीं, वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट आफ इंडिया ने इसका अध्ययन भी कराया है। वन विभाग ने अध्ययन रिपोर्ट के आधार पर वन मंत्री को प्रस्ताव भेजा है। बता दें कि प्रदेश में 40 साल पहले जंगली भैंसें कान्हा के जंगलों में पाए जाते थे। अब राज्य सरकार एक बार फिर प्रदेश के जंगल को जंगली भैंसों से आबाद करने का प्रयास कर रही है।

एशियाई जंगली भैंसों की संख्या वर्तमान में 4000 से भी कम रह गई है। एक सदी पहले तक पूरे दक्षिण पूर्व एशिया में ब?ी तादाद में पाए जाने वाला जंगली भैंसें आज केवल भारत, नेपाल, बर्मा और थाईलैंड में ही पाए जाते हैं। भारत में आसाम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में यह पाए जाते हैं। मध्य भारत में यह छत्तीसगढ़ में रायपुर संभाग और बस्तर में पाया जाता है। जंगली भैंसों की एक प्रजाति जिसके मस्तक पर सफेद निशान होता है, पहले मध्य प्रदेश के वनों में भी पाई जाती थी, लेकिन अब विलुप्त है।

जंगली भैंसों में यह होती है विशेष बातें

मादा जंगली भैंस अपने जीवन काल में पांच बच्चों को जन्म देती है, इनकी जीवन अवधि नौ वर्ष की होती है। नर बच्चें दो वर्ष की उम्र में झुंड छोड़ देते हैं। जंगली भैंसा का जन्म अक्सर बारिश के मौसम के अंत में होता है। आम तौर पर मादा जंगली भैंसें और उनके बच्चे झुंड बना कर रहती हैं और नर झुंड से अलग रहते हैं, लेकिन यदि झुंड की कोई मादा गर्भ धारण के लिए तैयार होती है तो सबसे ताकतवर नर उसके पास किसी और नर को नहीं आने देता। यह नर आम तौर पर झुंड के आसपास ही बना रहता है। यदि किसी बच्चेकी मां मर जाए तो दूसरी मादाएं उसे अपना लेती हैं। जंगली भैंसों को सबसे ब?ा खतरा पालतू मवेशियों की संक्रमित बीमारियों से ही है, इनमें प्रमुख बीमारी फुट एंड माउथ है। रिडर्पेस्ट नाम की बीमारी ने एक समय इनकी संख्या में बहुत कमी ला दी थी।

> कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में जंगली भैंसे आज से 40 साल पहले पाए जाते थे। धीरे -धीरे वे विलुप्त हो गए। उन्हें अब पुन- बसाने की तैयारी है। इसके लिए अध्ययन करा लिया है। आसाम सरकार से जंगली भैंसों की मांग को लेकर जल्द ही पत्र लिखेंगे।
>
> **- जेएस चौहान, पीसीसीएफ वन्यप्राणी मध्य प्रदेश**

स्वयं का उद्योग स्थापित करने युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

3 दिवसीय व्यापार मेले का आयोजन 16 दिसम्बर से

कटनी,यशभारत। लघु उद्योग भारती मध्य प्रदेश द्वारा स्वयंसिद्धा अभियान के तहत कटनी में 16 से 18 दिसंबर तक तीन दिवसीय व्यापार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस व्यापार मेले में युवाओं को स्वयं का उद्योग स्थापित करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही उन्हें इस संबंध में शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी व आवश्यक सहयोग भी प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर वृहद स्तर पर तैयारियां प्रारम्भ की जा चुकी हैं। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के सहयोग से आयोजित होने वाले इस व्यापार मेले के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा लघु उद्योग भारती कटनी के पदाधिकारियों एवं जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की सामूहिक बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया।

सामूहिक बैठक में कलेक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा

बैठक के दौरान प्रदेश महामंत्री लघु उद्योग भारती अरुण सोनी ने बताया कि युवाओं को स्वयं का व्यापार स्थापित कर अपने सपनों को साकार करने हेतु 16 दिसम्बर को ट्रेड फेयर तथा 17 दिसम्बर को स्टार्टअप कॉन्क्लेव एवं 18 दिसम्बर को इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। जिसमे उद्योग स्थापित करने की जानकारी व नियमों एवं प्रावधानों पर मार्गदर्शन प्रदाय करने तथा सफल उद्यमियों की सफलता की कहानी के साथ ही विशेषज्ञों से सीधे संवाद का अवसर प्राप्त होगा। श्री सोनी द्वारा मेले के आयोजन के दौरान प्रशासनिक सहयोग की अपेक्षा पर कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने कहा की मेले में जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को प्रदान करने सार्थक प्रयास किए जाएंगे। कलेक्टर अवि प्रसाद ने व्यापार मेले में सहभागिता करने हेतु फार्म वितरण की व्यवस्था को सरल बनाने हेतु नगर के विभिन्न आईटीआई कॉलेज, तिलक कॉलेज, जन अभियान परिषद, जिला रोजगार कार्यालय, महिला महाविद्यालय, कटनी आर्ट एवं कॉमर्स कॉलेज में नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए वॉलिंटियर्स की उपस्थिति में फॉर्म वितरण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित किए जाने वाले शासकीय स्टालों के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की जाकर कटनी उद्योग विभाग एवं लघु उद्योग विभाग के माध्यम से निर्मित किए जाने वाले उत्पादों की प्रदर्शनी लगाने। मेले आयोजन के पास एवं बेच जारी करने, जिला उद्योग की दो नवीन स्कीम की जानकारी से नागरिकों को अवगत कराने तथा एमपी ऑनलाइन के माध्यम से फॉर्म का मेला स्थल पर ही रजिस्ट्रेशन कराने के संबंध में चर्चा की गई। विद्यार्थियों की सुविधा हेतु जिला रोजगार कार्यालय में पंजीकृत विद्यार्थियों की जानकारी आईटीआई, नवोदय विद्यालय, सेंट्रल स्कूल के विद्यार्थियों व विगत 15 वर्षों में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की जानकारी एकत्रित कर मेले में सहभागिता कराने की कार्यवाही के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए।

श्रमधाम कॉलेज में बीएड विभागाध्यक्ष की नियुक्ति का अनुमोदन निरस्त करने का मामला

विश्व विद्यालय के आदेशों की अवहेलना से अध्यक्ष का इनकार

कैमोर, यशभारत। कैमोर के श्रमधाम कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में बीएड संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ अरूणा विश्वकर्मा की नियुक्ति को लेकर रानी दुर्गावती विश्व विद्यालय द्वारा जारी किए गए आदेशों का उल्लंघन नहीं किया गया बल्कि आदेश प्राप्त होने के तत्काल बाद से डॉ अरुणा विश्वकर्मा को बीएड विभागाध्यक्ष के प्रभार से मुक्त कर दिया गया है अलबत्ता महाविद्यालय में उनकी सेवा से उन्हें प्रथक नहीं किया गया। सेवा से पृथक किये जाने की कार्रवाई के लिए विश्व विद्यालय को पत्र लिखकर मार्गदर्शन मांगा गया है। यह कहना है श्रमधाम महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष के के चन्द्रा का। श्री चन्द्रा ने यह भी कहा है कि महाविद्यालय द्वारा चाहे गए मार्गदर्शन पर विश्वविद्यालय से जो भी दिशा निर्देश प्राप्त होंगे उनका पालन किया जाएगा। गौरतलब है कि श्रमधाम महाविद्यालय के बीएड संकाय में विभागाध्यक्ष पद पर साक्षात्कार के माध्यम से डॉ अरुणा विश्वकर्मा की नियुक्ति की गई थी। नियुक्ति से पूर्व विज्ञापन जारी कर आवेदन मंगाये गए थे। कॉलेज कोड 28 की शर्तों का पालन करते हुए प्रस्तुत दस्तावेजों के अवलोकन के बाद योग्यता के आधार पर डॉ अरुणा विश्वकर्मा का चयन किया गया था। उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किये गए सभी दस्तावेज विश्विद्यालय की स्टैंडिंग कमेटी को भी सौंपे गए थे। नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर डॉ विश्वकर्मा को श्रमधाम कॉलेज बीएड संकाय के विभागाध्यक्ष के रूप में ज्वाइनिंग दी गई थी। नियुक्ति के बाद से वे इसी पद पर अपनी सेवाएं दे रहीं। डॉ अरूणा विश्वकर्मा की नियुक्ति के बाद से ही महाविद्यालय की ओर से पत्र जारी कर विश्विद्यालय से अनुमोदन चाहा गया था पर विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदन देने में अनावश्यक विलम्ब किया जाता रहा। पिछले महीने विश्व विद्यालय की ओर से एक पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें डॉ अरूणा विश्वकर्मा के सम्बंध में की गई एक शिकायत की जांच में उनके द्वारा साक्षात्कार में प्रस्तुत दस्तावेज फर्जी एवं कूटरचित पाये जाने का हवाला देकर नियुक्ति सम्बन्धी अनुमोदन का प्रस्ताव निरस्त कर दिया गया है। श्रमधाम कॉलेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष के के चन्द्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय से पत्र प्राप्त होने के बाद डॉ अरूणा विश्वकर्मा से बीएड विभागाध्यक्ष का प्रभार ले लिया गया है। महाविद्यालय प्रबंधन की ओर से विश्विद्यालय को एक आग्रह पत्र भेजकर कूटरचित पाये गए दस्तावेजों की प्रति चाही गई है साथ ही नियुक्ति निरस्त करने की कार्रवाई के सम्बंध में मार्गदर्शन चाहा गया है। वर्तमान में डॉ अरुणा विश्वकर्मा बी एड संकाय की विभागाध्यक्ष नहीं है पर महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपनी सेवाएं दे रहीं हैं। इस संबंध में विश्वविद्यालय से आगे जो भी निर्देश प्राप्त होंगे उनका पालन किया जाएगा।

खबर के बाद जागा एनएच, सुधार शुरू

कटनी, यशभारत । कटनी जबलपुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग में कई जगह टूट फूट की खबर यशभारत में गत दिवस प्रकाशित हुई थी। इस खबर का संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण ने तत्कान निर्माण ऐजेंसी को तलब करते हुए पीरबाबा से स्लीमनाबाद तक के मार्ग में टूट फूट को सुधारने का काम शुरू किया है यह सुधार बीते दो दिन से जारी है। आपको बता दें कि यह 4 लेन रोड के कई हिस्सों में सड़क का बड़ा हिस्सा टूट फूट का शिकार हो गया था।

केन्द्रीय टीम देखेगी कृषि में ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल

कटनी, यशभारत। कटनी। ड्रोन से फसलों पर दवा छिड़काव को राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति पहले ही मिल चुकी थी अब इस प्रोजेक्ट पर केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने रुचि दिखाई है। शीघ्र ही इसके लिए एक टीम कटनी पहुंचेगी जो इस प्रोजेक्ट को देखकर फिर इसे देश के अन्य हिस्सों में परखने की रणनीति तैयार करेगी।

आपको बता दें कि मध्य प्रदेश के कटनी में ड्रोन के जरिये नैनो यूरिया का छिड़काव किया गया। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने इसे देश की ऐसी पहली घटना बताया है. कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा, अमृत पुष्पक परियोजना के माध्यम से मध्य प्रदेश के कटनी जिले के ग्राम तेवरी, भेड़ा, लिगरी और बिछिया की लगभग 133 एकड़ क्षेत्र में ड्रोन से नैनो यूरिया का छिड़काव, एक अभिनव पहल है. ऐसा करने वाला कटनी जिला देश का पहला जिला बन गया है. इस उपलब्धि के लिए कटनी के प्रशासन एवं अमले की पूरी टीम व इफको की पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं मध्य प्रदेश सरकार ने सभी जिलों में खेती में ड्रोन प्रयोग करने संबंधी निर्देश दिए हैं. कटनी के कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने इस पर त्वरित रूप से अमल करते हुए ड्रोन तकनीक के माध्यम से फसलों में कीटनाशक और उर्वरक के छिड़काव का निर्णय लिया. जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी कटनी द्वारा ड्रोन तकनीक के माध्यम से किसानों की फसलों में कीटनाशक और उर्वरक के छिड़काव के लिए प्रस्ताव भेजा गया. अनुमति मिलने के बाद पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इस काम को शुरू किया गया.

अगले साल तक बरगी नहर से मिलेगा पानी

कटनी, यशभारत। महाकोशल और विंध्य की महात्वाकांक्षी परियोजना बरगी दायीं तट नहर से जल्द ही लाभ मिल सकता है। सरकार चुनावी वर्ष में इस परियोजना से किसानों को पानी देकर लाभ लेने के लिए इसके कार्य में निरंतर सक्रियता दिखा रही है।

आपको बता दें कि प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना बरगी व्यपवर्तन योजना जिसका निर्माण नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा कराया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के चार जिलों में सिंचाई का काम होना है। जबलपुर जिले में योजना का लाभ तो मिलने लगा है, लेकिन अभी कटनी, सतना व रीवा जिला वंचित हैं। इसकी मुख्य वजह रही है कि स्लीमनाबाद के समीप सलैया फाटक व खिरहनी में भयंकर पहाड़ को काटकर सुरंग के माध्यम से टनल बनाने में देरी होना। 2008 से काम चल रहा है, लेकिन तकीनीकी खामियों के कारण योजना लेट हुई। अब तीनों जिलों लाखों किसानों के लिए राहत भरी खबर है। बाधा दूर हो गई है और अब काम द्रुत गति से चल रहा है। बता दें कि 5200 करोड़ रुपऐ का यह प्रोजेक्ट है, 3200 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। खास बात यह है कि इसमें सीधे सीएम शिवराज सिंह चौहान नजर बनाए हुए हैं। जानकारी के अनुसार 11.95 किलोमीटर लंबी टनल पहाड़ में सुरंग बनाकर तैयार की जा रही है। अभी तक 8.7 की नहर बन गई है। 3.3 किलोमीटर का काम बाकी है, जो तेजी से चल रही है। बता दें कि 104 किलोमीटर से लेकर 116 किलोमीटर लंबाई की बनी हुई है। 12 किलोमीटर की टनल बनी है, इसके पहले एक किलोमीटर की टनल में पांच साल लग गए थे जिसमें सवा तीन साल का टेंडर दिया गया था। समय पर काम नहीं पूरा हो पाया था। वहीं अब 12 किलोमीटर के लिए तीन साल का ही समय दिया गया, जिसमें तेजी से काम चल रहा है।

बाधा को दूर करने की कवायद

बता दें कि 10 साल में मात्र 4 किलोमीटर की ही टनल बन पाई और फिर ढाई साल में 4 किलोमीटर बन गई। पहले के चार किलोमीटर में देरी की मुख्य वजह रही है कि इसमें तकलीफें क्या हैं वह नही जाना गया। बाद में लिस्ट आउटकर उसे दूर करने के लिए तैयारी की गई। तकनीकी सहायता, ठेकेदार से समन्वयन, जिला प्रशासन से समन्वय बनाकर कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट का सिस्टम जाना गया। जिसके बाद काम में रफ्तार 2021 अप्रैल से काम की गति बेहतर हुई है।

सर्द हवाओं का सितम और बढ़ेगा

कटनी, यशभारत। उत्तर भारत की तरफ से आ रही सर्द हवाओं के चलते कटनी जिले में ठंड का असर दिखने लगा है, दिसबर के पहले ही दिन ठंड का तेज असर देखने को मिला। हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि अभी प्रदेश में एक हफ्ते तक ठंड का असर ऐसा ही रहेगा, लेकिन बाद में सर्द हवाओं का सितम पूरे प्रदेश में देखने को मिलेगा। ऐसे में दिसंबर में अच्छी ठंड देखने को मिलेगी। कटनी जिले के मौसम में फिलहाल उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। बार-बार हवाओं का रुख बदलने से तापमान में गिरावट हो रही है। सुबह और रात के तापमान में गिरावट देखने को मिलती है, लेकिन दोपहर के वक्त धूप का असर भी बना रहता है, ऐसे में सुबह और शाम को अच्छी ठंड का एहसास हो रहा, लेकिन दोपहर में ठंड का असर कम हो जाता है। इस समय मध्य प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाली काई प्रभावी मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है, लेकिन सप्ताह के अंत तक प्रदेश में उत्तर की तरफ से आने वाली हवाओं का असर और तेज हो जाएगा, जिससे ठंड का असर भी बढ़ेगा।

13 लीटर अबैध हाथ भट्टी मदिरा जब्त

कटनी, यशभारत। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले मे मदिरा के अवैध संग्रहण, परिवहन, विक्रय, निर्माण पर रोकथाम हेतु चलाये जा रहे नशामुक्ति अभियान के तहत आबकारी वृत्त बड़वारा में निगहरा, बहिघटा में ममता अहिरवार सहायक जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें आबकारी की टीम बी द्वारा की गई कार्यवाही में कुल जसी 1260 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 13 लीटर अबैध हाथ भट्टी मदिरा के कुल 5 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के पंजीबद्ध किये गये। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। जप्त किये गये लहान तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 64,950 रूपये है। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक अभिषेक सिह बघेल, मोना दुबे, केशव प्रसाद उईके, आबकारी आरक्षक चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, वीणा ब्रम्हवंशी, देवेंद्र पयासी, सम्मिलित रहे। इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका का 15 दिनों का वेतन काटने के निर्देश

कटनी, यशभारत। कलेक्टर अवि प्रसाद ने नगर निगम कटनी के बीडी अग्रवाल वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 85 में भोजन उपरांत बच्चों के जी मिचलाने और दस्त के मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए। जिसके बाद परियोजना अधिकारी एवं सेक्टर पर्यवेक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहींआंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का माह नवंबर का 15 दिनों का मानदेय कटौती करने और भोजन प्रदाता समूह का नवंबर माह का देयक शून्य करने के आदेश जारी किए गए हैं। कलेक्टर श्री प्रसाद ने बीते मंगलवार 29 नवंबर को बी डी अग्रवाल वार्ड आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 85में भोजन के बाद 9 बच्चों के अस्वस्थ होने के मामले की जानकारी सोशल मीडिया से लगते ही मामले को गंभीरता से लेते हुए संज्ञान में लेकर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह को गहन जांच और कार्यवाही के निर्देश दिए थे।

बरही के रासेयो स्वयंसेवकों ने मनाया विश्व एड्स दिवस

कटनी, यशभारत। शासकीय महाविद्यालय बरही मे विश्व एड्स दिवस के अतंर्गत प्राचार्य डॉ. आर. के. वर्मा के मार्गदर्शन, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में विश्व एड्स दिवस के तहत कार्यशाला एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया । कार्यशाला में सर्वप्रथम डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि एड्स की बीमारी आज के आधुनिक समय की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है।1 दिसंबर को पूरी दुनिया में विश्व एड्स दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसके पीछे मुख्य उद्देश्य एड्स के बारे में जन जागरूकता फैलाना, एचआईवी या एड्स के प्रति लोगो को जागरुक करना और इससे ग्रसित लोगों की मदद करना है।, डॉ. खुशबू जैन ने बताया कि विश्व एड्स दिवस लोगों और सरकारों को याद दिलाता है कि एचआईवी वायरस बहुत अधिक प्रचलित है। इसके खिलाफसतर्क रहने की जरूरत है प्रो. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. रश्मि त्रिपाठी विश्व एड्स दिवस लोगों को बताया है कि अभी और जागरूकता बढ़ाने, जनता को शिक्षित करने की आवश्यकता है कार्यशाला के अंत में प्राचार्य डॉ. आर. के. वर्मा ने कहा कि एड्स के खिलाफसभी को मिल जुलकर लड़ने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दूसरे चरण में रासेयो स्वयंसेवको द्वारा महाविद्यालय से 3-4 किमी. ग्राम पंचायत बनगवां अंतर्गत पंचमुखी कॉलोनी होते हुए महविद्यालय परिसर तक एड्स जागरूकता रैली निकाली गई,। रैली में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ रश्मि त्रिपाठी, एवं रासेयो स्वयंसेवको ने क्षेत्र के लोगो को जागरूक करने के लिए ष्एड्स दिवस पर है ये नारा, एड्स मुक्त हो राष्ट्र हमाराष्, ष्एड्स है एक जानलेवा बीमारी, इसे मिटाना हमारी जिम्मेदारीष्, ष्एड्स होने पर ना घबराएं, सरकारी अस्पताल में मुफ्त ईलाज करवाएंष् आदि बुलंद नारो से रासेयो स्वयंसेवको द्वारा रैली संचलन पथ के आस -पास के क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड
1 दिन – 150/–
3 दिन – 250/–
7 दिन – 500/–
15 दिन – 1200/–
30 दिन – 1800/–
साईज– 5x1
आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोनः– 07622–230033
Email :- katni@yashbharat.com

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का एलान, स्नेह राणा बाहर

मुंबई ,ईएमएस। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम की घोषणा हो गई है। पूजा वस्त्राकर यह सीरीज नहीं खेलेंगी। वहीं, ऑलराउंडर स्नेह राणा को भी टीम से बाहर कर दिया गया है। हरलीन देओल और यस्तिका भाटिया की टीम में वापसी हो रही है। इन दोनों को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज और एशिया कप से बाहर किया गया था। बीसीसीआई ने शुक्रवार को टीम की घोषणा की। स्नेह राणा के अलावा चयनकर्ताओं ने किरण नवगीरे और दयालन हेमलता को भी टीम से बाहर कर दिया गया है। यह दोनों एशिया कप जीतने वाली टीम इंडिया में शामिल थीं। इसके अलावा अनकैप्ड अंजलि सरवानी को भी सीनियर टीम में जगह दी गई है। ये दोनों ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 में डेब्यू कर सकती हैं। वहीं, देविका वैद्य की भी सीनियर टीम में चार साल बाद वापसी हुई है। देविका ने टीम इंडिया के लिए पिछला मैच अप्रैल 2018 में खेला था। वह एक वनडे मैच था। वहीं, उन्होंने पिछला और एकमात्र टी20 नवंबर 2014 में खेला था। हरलीन और यस्तिका को विमेंस टी20 चैलेंजर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। हरलीन ने इस टूर्नामेंट में दो अर्धशतक लगाए थे। वहीं, यस्तिका ने एक मैच में नाबाद 99 रन की पारी खेली थी। साथ ही फाइनल में नाबाद 80 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई थी और चैंपियन बनाया था। बीसीसीआई ने साथ ही मोनिका पटेल, अरुंधती रेड्डी, एसबी पोखरकर, सिमरन बहादुर को नेट बॉलर्स के तौर पर टीम के साथ जुड़े रहने को कहा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज की शुरुआत नौ दिसंबर को होगी। पहला मैच मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं, सीरीज का अंत 20 दिसंबर को होगा। टीम इस प्रकार है- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, यस्तिका भाटिया, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, राधा यादव, राजेश्वरी गायकवाड़, रेणुका सिंह ठाकुर, मेघना सिंह, अंजलि सरवानी, देविका वैद्य, एस मेघना, ऋचा घोष, हरलीन देओल।

मुश्किल में फंस सकते हैं रितेश और जिनिलिया, 116 करोड़ के कर्ज मामले की अब होगी जांच

मुंबई, ईएमएस। रितेश देशमुख और जिनिलिया देशमुख अपनी कंपनी को लेकर मुश्किल में फंस सकते हैं। रितेश और जिनिलिया की लातूर में एक एग्रो-प्रोसेसिंग कंपनी है, जिसके लिए जांच के आदेश दिए गए हैं। महाराष्ट्र के मंत्री अतुल सावे ने कहा है कि रितेश देशमुख और जिनिलिया को उनकी कंपनी के लिए 116 करोड़ का जो लोन दिया गया, उसकी जांच की जाएगी। जांच में देखा जाएगा कि कपल को लोन देने में कोऑपरेटिव बैंकों ने अपनी ओर से कोई अनियमितता तो नहीं की है। मालूम हो कि कुछ दिन पहले ही लातूर में बीजेपी के कुछ नेताओं ने आरोप लगाया था कि Riteish Deshmukh और Genelia Deshmukh को उनकी कंपनी देश एग्रो प्राइवेट लिमिटेड को लोन देने में सहकारी बैंकों की ओर से अनियमितता बरती गई। आरोप लगाया गया कि रितेश और जिनिलिया की कंपनी को पिछले एमवीए (महा विकास अघाड़ी) के दौरान MIDC यानी महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम का प्लॉट मिला था।

रितेश और जिनिलिया की कंपनी को लोन में हुई गड़बड़ी?

दावा किया गया था कि रितेश और जिनिलिया की कंपनी ने 4 अक्टूबर, 2021 को पंढरपुर अर्बन कोऑपरेटिव बैंक में लोन के लिए अप्लाई किया था। बैंक ने 27 अक्टूबर को 4 करोड़ रुपये के लोन को मंजूरी दे दी। इसके बाद कंपनी ने लातूर डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक से 61 करोड़ रुपये के लोन के लिए अप्लाई किया। यह एप्लिकेशन भी 27 अक्टूबर को मंजूर कर ली गई थी। इसके बाद इस बैंक से रितेश और जिनिलिया की कंपनी को 25 जुलाई 2022 को 55 करोड़ का लोन अप्रूव किया गया।

यह बोले अतुल सावे

अतुल सावे ने एजेंसी को बताया कि उनके यानी बीजेपी के लातूर जिला अध्यक्ष गुरुनाथ मागे ने इस मामले के संबंध में एक लेटर लिखा था। लेकिन उन्हें स्पष्ट के बारे में कुछ पता नहीं था। बस इसीलिए उन्होंने यह पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया है कि कहीं बैंकों की ओर से तो कोई अनियमितता नहीं की गई। रितेश देशमुख महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिवंगत नेता विलासराव देशमुख के बेटे और एक्टर हैं। उनके बड़े भाई अमित एमवीए सरकार में मंत्री थे और छोटे भाई धीरज देशमुख लातूर ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र से विधायक हैं।

ऋषभ पंत संग विवाद पर उर्वशी ने तोड़ी चुप्पी, RP के लिए की ऐसी बात कि फैंस नोंच लेंगे अपना सिर

मुंबई, ईएमएस। उर्वशी रौतेला पिछले कुछ समय से क्रिकेटर ऋषभ पंत की वजह से खूब चर्चा में रही हैं। लोगों को लगा दोनों में अफेयर है और उनके बीच कुछ तो खिचड़ी पक रही है और उर्वशी ने इस गलतफहमी को हवा देने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। हालांकि, अब उर्वशी ने सोशल मीडिया पर अपनी लाइफ से जुड़ी इस पहेली से जुड़े राज को खोलकर रख दिया है और बताया है कि लोगों ने उन्हें गलत समझा। पिछले दिनों ऋषभ पंत और उर्वशी के बीच सोशल मीडिया पर जो कुछ भी हुआ उसपर उर्वशी ने कहा है कि दरअसल लोगों ने ही उन्हें गलत समझ लिया। उर्वशी ने बताया कि वो आरपी आखिर है कौन जिनकी चर्चा उन्होंने अपने इंटरव्यू में की थी, जिसके बाद ऋषभ पंत भड़क उठए थे।

उर्वशी रौतेला ने बताया आरपी वास्तव में हैं कौन

उर्वशी रौतेला ने बताया है कि उनके लिए ऋषयानी ऋषभ पंत नहीं बल्कि उनका को-स्टार राम पोथिनेनी है। इतना ही नहीं उर्वशी ने यहां तक कहा, मुझे इस बात की जानकारी भी नहीं कि ऋषभ पंत भी ऋषके नाम से जाने जाते हैं। उर्वशी ने पूरे वाकिये पर अपनी सफाई देते हुए कहा है- आधी चीजें जो कही गई हैं वो पूरी तरह से गलत हैं। एक अंग्रेजी दैनिक से से बातचीत में उर्वशी ने कहा, लोगों ने खुद ही कुछ चीजें मान ली और इस बारे में लिखा है। और जिन लोगों को ऐसी अफवाहों पर यकीन है उन्हें मैं कहना चाहूंगी कि उन्हें थोड़ी छानबीन करने की जरूरत है। उर्वशी ने कहा कि अगर आपने कुछ भी देखा नहीं है और चूंकि कुछ यूट्यूबर ने कुछ कह दिया तो उसे आप कैसे मान सकते हैं? उर्वशी से जब पूछा गया कि जब ऐसी ही बात थी तो उन्होंने इतने समय से इस पूरी कॉन्ट्रवर्सी पर चुप्पी क्यों साध रखी थी? इसपर उन्होंने कहा कि वह काफी रिज़र्व पर्सन हैं और इस बात पर अधिक ध्यान नहीं देतीं कि लोग उनके बारे में क्या कहते हैं। उन्होंने ने ये भी कहा कि वह चाहती हैं कि लोग उनके काम को लेकर बातें करें, इन कॉन्ट्रोवर्सी को लेकर नहीं।

शुभमन गिल ने बताया था उर्वशी और ऋषभ का सच

याद दिलाते चलें कि हाल ही में शुभमन गिल ने भी अपने इंटरव्यू में उर्वशी और ऋषभ पंत के अफेयर की अफवाहों का खुलासा किया था। उनसे पूछा गया था- आजकल ऋषभ पंत को एक एक्ट्रेस का नाम लेकर खूब छेड़ा जा रहा है, क्या टीम में भी उनके साथ ऐसा होता है। इसपर उन्होंने कहा था- वह खुद ही ऐसा कर रही है, ऋषभ के साथ उसका ऐसा कुछ भी नहीं है और उसको इन चीजों से कोई मतलब भी नहीं है तो उसका ध्यान भी उधर नहीं रहता है।

ऋषभ पंत ने कहा था- मेरा पीछा छोड़ दो बहन

इसके बाद फैन्स इसे ऋषभ पंत मान बैठे थे। पंत ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी डाली और कहा- मेरा पीछा छोड़ दो बहन, सस्ती लोकप्रियता के लिए झूठ नहीं बोलना चाहिए। हालांकि, कुछ समय बाद ही पंत ने अपनी स्टोरी हटा दी, लेकिन तब तक यह लोगों के हाथ लग चुकी थी।

उर्वशी ने इंटरव्यू में कहा था- मिस्टर आरपी ने 10 घंटे किया था उनका इंतजार

बता दें कि उर्वशी रौतेला और ऋषभ पंत के इस कॉन्ट्रोवर्सी की शुरुआत एक इंटरव्यू से हुई थी। इसमें उर्वशी ने दावा किया था कि मिस्टर आरपी दिल्ली उनसे मिलने आए थे और वह सो गई थी। उन्होंने बताया था कि मिस्टर आरपी 10 घंटे होटल की लॉबी में उनका इंतजार करते रहे और उनके करीब 17 मिस्ड कॉल आए, लेकिन नींद आने की वजह से वह कॉल नहीं उठा पाई। उर्वशी ने कहा कि इसके बाद दोनों की जब बात हुई तो उन्होंने मुंबई में मिलने की बात कही।

स्ट्रीट डॉग्स से अंग्रेजी में बात करने पर ट्रोल हुई रिया चक्रवर्ती

मुंबई, ईएमएस। साल 2020 अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती के लिए बेहद बुरा रहा। कथित प्रेमी सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद वह कई विवादों में घिरी और ड्रग्स मामले में नाम सामने आने के बाद उन्हें देश भर के लोगों की ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। हालांकि जिंदगी में सबसे बुरे वक्त को फेस करने के बाद रिया और भी मजबूत होकर निकलीं। उन्होंने लोगों की परवाह किए बिना जिंदगी को फिर से पहले की तरह जीना शुरू किया और फिर से नॉर्मल हो गई। अब हाल ही में रिया ने स्ट्रीट डॉग्स के एक फूड डोनेशन इवेंट में हिस्सा लिया जहां से उनका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। रिया का ये वीडियो इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है जिसमें देखा जा सकता है कि रिया कुछ स्ट्रीट डॉग्स के साथ बैठी उनसे बातें कर रही हैं। रिया डॉग्स के साथ अंग्रेजी में बातें करती दिख रही हैं। वह अंग्रेजी में कुत्तों से कहती हैं तुमने काफी खाना खा लिया है। तुमने पर्याप्त से ज्यादा खाना खा लिया है। इसके साथ वह कुत्तों को दुलारती नजर आ रही हैं।

नीना गुप्ता का पुशअप्स लगाते वीडियो हुआ वायरल

मुंबई, ईएमएस। बॉलीवुड की दिग्गज अदाकारा नीना गुप्ता का भी जवाब नहीं। वे जो पहनती हैं जो करती हैं ट्रेंड सेट हो जाता है। 63 साल की उम्र में भी नीना गुप्ता सुपर फिट और गॉर्जियस लगती हैं। नीना ने मॉर्निंग वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। वीडियो देख लोग फिटनेस के प्रति प्रभावित हो रहे हैं। इस वीडियो में नीना गुप्ता हेल्दी और फिट लाइफ को लेकर फिटनेस गोल्स दे रही हैं। नीना ने बताया कि वे मॉर्निंग वर्कआउट नी पुशअप्स के साथ करती हैं। वीडियो में नीना पुशअप्स लगाती नजर आई। हालांकि ये नॉर्मल पुशअप्स से अलग थी। उन्होंने ट्रेनर का सपोर्ट लेकर पुशअप्स लगाई। साथ ही उनके घुटने भी जमीन पर टिके हुए थे। ये एक्सरसाइज अपर बॉडी को टोन करने के लिए होती है। जिसमें चेस्ट ट्राइसेप्स और शोल्डर्स ट्रेन होते हैं। साथ ही इसमें एब्स पर भी असर आता है। इस फिटनेस वीडियो को शेयर करते हुए नीना गुप्ता ने कैप्शन लिखा बस शुरू ही किया है लेकिन शो ऑफ कर रही हूं. नीना गुप्ता का ये वीडियो वायरल हो रहा है।

पहली बार मेजबान नहीं जीता एक भी मैच

नई दिल्ली, एजेंसी। फीफा वर्ल्ड कप में पहली बार ऐसा हुआ कि मेजबान यानी होस्ट नेशन एक भी मैच नहीं जीत सका। और बिना जीते ही उसे वर्ल्ड कप से विदाई लेनी पड़ी। इस साल कतर अपने ग्रुप में एक भी मैच नहीं जीत सका। वह अपने तीनों मैच हारा। उसे नीदरलैंड, सेनेगल और इक्वाडोर ने हराया।

वर्ल्ड कप में गोल स्कोर करने वाला 76वां देश बना कनाडा

कनाडा फीफा वर्ल्ड कप में गोल स्कोर करने वाला 76वां देश बना। टीम के लिए यह गोल स्टार प्लेयर अल्फांसो डेविस ने किया। हालांकि कनाडा वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज के आगे नहीं जा सका, उसे अपनी रिटर्न टिकट करानी पड़ी।

स्टेफनी फापार्ट वर्ल्ड कप इतिहास में पहली महिला फील्ड रेफरी बनी

फ्रांस की स्टेफनी फापार्ट ने जर्मनी और कोस्टा रिका के बीच ग्रुप-श्र के मैच में फील्ड रेफरी की जिम्मेदारी संभाली। इसके साथ ही फापार्ट मेन्स वर्ल्ड कप में फील्ड रेफरी की जिम्मेदारी संभालने वाली पहली महिला बनी। ब्राजील की नुइजा बैक और मेक्सिको की केरेन डियाज ने असिस्टेंट रेफरी के तौर पर फापार्ट का साथ दिया।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो 5 वर्ल्ड कप में स्कोर करने वाले पहले खिला?ी बने

फीफा वर्ल्ड कप 2022 में रोनाल्डो ने ग्रुप॥ के पहले मुकाबले में घाना के खिलाफ पेनाल्टी स्कोर करने के बाद फीफा वर्ल्ड कप में नया रिकॉर्ड बनाया। रोनाल्डो 5 अलग अलग वर्ल्ड कप में स्कोर करने वाले पहले मेल फुटबॉलर बन गए हैं। उन्होंने 2006, 2010, 2014, 2018 और 2022 वर्ल्ड कप में स्कोर किया।

गुस्से से लाल आंखें, मुक्के से तोड़फोड़ रोमेलू लुकाकू की जिंदगी का ब्लैक डे

अल रेयान (कतर), एजेंसी। बेल्जियम वर्ल्ड कप से बाहर हो गया, क्रोएशिया के खिलाफ हर हाल में जीत चाहिए थी, लेकिन मैच ड्रॉ हो गया। मुकाबले के बाद रोमेलू लुकाकू खुद से बेहद खफा है। अहमद बिन अली स्टेडियम में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम बेल्जियम ने कई गलतियां की। शुरुआती इलेवन में रोमेलू लुकाकू और एडेन हेजार्ड जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को खिलाया नहीं। बाद में जब लुकाकु मैदान पर आए तो 90वें मिनट में गोल करने का एक गोल्डन चांस मिस कर गए।

एक नहीं दो-दो मौके मिस हो गए

बेल्जियम को 21 साल के मिडफील्डर अमादू ओनाना की भी कमी खली। दो पीले कार्ड मिलने के कारण ओनाना निलंबित थे। अंतिम 15 मिनट में भी दोनों टीम ने कई मूव बनाए, लेकिन दोनों की टीम की रक्षापंक्ति ने डटकर हमलों का सामना किया और विरोधी टीम को गोल करने में सफल नहीं होने दिया। लुकाकु को 87वें मिनट में गोल करने का एक और मौका मिला था, लेकिन वह गेंद बाहर मार बैठे। बेल्जियम ने 87वें मिनट में एडेन हेजार्ड को मैदान पर उतारा, लेकिन वह कोई जादू नहीं कर सके।

शीशे पर दे मारा मुक्का

लुकाकु को 90वें मिनट में गोल दागने का एक और सुनहरा मौका मिला। गोलकीपर गोल के आगे से हट चुके थे और लुकाकु को सीधे उनके पास आई गेंद को गोल की राह दिखानी थी। लुकाकु ने हालांकि हैडर लगाने की जगह गेंद को छाती से रोका और इसे नियंत्रित नहीं कर पाए, जिसे गोलकीपर ने वापस आकर अपने कब्जे में ले लिया। मैच के बाद डगआउट पर मुक्का बरसाया।

रोहित धवन को पावरप्ले में स्ट्राइक रेट बढ़ाना होगा:सबा

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज सबा करीम ने कहा है कि टीम इंडिया की सलामी जोड़ी को अपने रुख में बदलाव करते हुए आक्रामक अंदाज में खेलना चाहिये। भारतीय टीम 4 दिसंबर से बांग्लादेश दौरे में एकदिवसीय सीरीज खेलेगी। इस सीरीज में रोहित शर्मा और शिखर धवन की सलामी जोड़ी पारी की शुरुआत करेगी। एकदिवसीय में रोहित और धवन की सलामी जोड़ी ने अब तक 114 मैचों में 45.75 की औसत से 5125 रन बनाए हैं जिसमें 18 शतकीय साझेदारी शामिल है पर साल 2020 से दोनों ने 9 ही पारियों में बल्लेबाजी की है जिसमें 52.12 के औसत से 417 रन बनाए हैं पर पावरप्ले में इस जोड़ी का स्ट्राइक रेट कम रहे है। इस दौरान रोहित का स्ट्राइक-रेट 94.3 जबकि धवन का स्ट्राइक-रेट केवल 74.1 का रहा है। करीम ने कहा कि अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्वकप को देखते हुए रोहित और धवन को टीम को पावरप्ले में तेजी से खेलना होगा। उन्होंने कहा रोहित और धवन के बीच उनमें से एक को बड़ शॉट लगाने की जिम्मेदारी लेनी होगी। यही एकमात्र तरीका है जिससे हम पावरप्ले में कुछ अच्छे रन अच्छे सकते हैं। उनको समझना चाहिए कि 11-40 ओवरों का दूसरा पावरप्ले भी अहम है। उन्होंने साथ ही कहा यह आउटफील्ड में कुछ खाली जगहों का लाभ उठाने का भी समय है और यह तब हो सकता है जब दोनों सलामी बल्लेबाज आपसी तालमेल के साथ रन बनाते रहें। वहीं बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया की अंतिम ग्यारह को लेकर करीम ने कहा कहा शुरूआत में मुझे उम्मीद है कि केवल चाहर और ठाकुर ही खेलेंगे क्योंकि भारत को भी तीन आक्रामक गेंदबाजों की जरूरत है जो नई गेंद से बल्कि बीच के ओवरों में भी विकेट ले सकें।

बांग्लादेश दौरा होगा धवन और ऋषभ के लिए अहम

ढाका (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के बांग्लादेश दौरे में खिलाड़ियों शिखर धवन और ऋषभ पंत के प्रदर्शन पर सबकी नजरें रहेंगी। इस दौरे में भारतीय टीम तीन टेस्ट और एकदिवसीय सीरीज खेलेगी। धवन और ऋषभ को अब साबित करना होगा कि वह टीम के लिए उपयोगी हैं। इन्हें अब पिछले प्रदर्शन के आधार पर टीम में नहीं रखा जा सकता। ऐसे में अगर ये खिलाड़ी इस सीरीज में अपने प्रदर्शन के अनुसार नहीं खेल पाये तो टीम प्रबंधन के लिए इन्हें बाहर करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं रहेगा। इन दोनो की ही जगह के लिए कई अन्य प्रतियोगी भी हैं। ऐसे में केवल पिछले प्रदर्शन और सीनियर होने के नाते इन्हें बार-बार अवसर नहीं दिया जा सकता। यह उन खिलाड़ियों के लिए मायूस करने वाला होगा जो लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। फिर भी टीम में उनकी जगह बैकअप खिलाड़ी के तौर पर ही है।

गौरतब है कि ऋषभ गत एक साल से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। उन्हें भले ही एक्स फैक्टर खिलाड़ी माना जाता पर पिछले एक साल के अंदर उन्होंने सीमित ओवरों में कोई प्रभावशाली पारी नहीं खेली है। इसमें कोई शक नहीं कि वह प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और उनकी निडर होकर बल्लेबाजी करने की तकनीक आज के समय के अनुरुप है फिर भी उन्हें बड़ी पारियां तो खेलनी ही होंगी।

इस बल्लेबाज ने 2022 में एकदिवसी की 10 पारियों में 37.33 की औसत से 336 रन बनाए हैं। उन्होंने 1 शतक और दो अर्धशतक भी लगाए हैं। वहीं युवा विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन और ईशान किशन उनकी जगह लेने के लिए तैयार हैं। संजू ने 2022 में 9 वनडे पारियों में 71 की औसत से 284 रन बनाए हैं. वहीं ईशान ने 6 पारियों में 207 रन बनाए हैं।

वहीं ईशान किशन ने 16 पारियों में 127 के स्ट्राइक रेट से 476 रन बनाए हैं। किशन ने 3 अर्धशतक लगाए हैं। सैमसन को इस साल 6 टी20 खेलने का ही मौका मिला है. इसमें उन्होंने 158 के स्ट्राइक रेट से 179 रन बनाए हैं। यानी वनडे और टी20 दोनों ही फॉर्मेट में भारत के पास पंत से आगे देखने के लिए दो खिलाड़ी मौजूद हैं।

धवन के नाम एकदिवसीय में सबसे अधिक रन का रिकार्ड हैं। उन्होंने 19 मैच में 670 रन बनाए हैं पर उनका स्ट्राइक रेट कम है जबकि शीर्ष क्रम के लिए उसे ज्यादा होना चाहिये। उनसे तेज शुरुआत की उम्मीद की गयी है पर उसमें वह अबतक विफल रहे हैं। उनकी जगह लेने के लिए युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल तैयार हैं। शुभमन का रिकॉर्ड भी अच्छा है। इस बल्लेबाज ने साल 2022 में एकदिवसीय में अब तक 12 पारियों में 70 की औसत और 102 बनाये हैं। उनका स्ट्राइक रेट भी 638 रन है।

नए को मौका, पुरानों पर भरोसा या कार्यवाहकों पर लगेगी मुहर

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की प्रदेश से विदाई के बाद अब संगठन की जल्द सर्जरी

कटनी,यशभारत। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का आज मध्यप्रदेश में आखिरी दिन है, इसके बाद कांग्रेस संगठन में सर्जरी शुरू हो जाएगी। सूत्रों के मुताबिक संगठन में फेरबदल का पूरा खाका पीसीसी चीफ कमलनाथ ने तैयार कर लिए हैं, केवल घोषणा का इंतजार है। सूत्रों की मानें तो जिन जिलों के अध्यक्ष बदले जा रहे हैं उनमें कटनी भी शामिल है। संभावना है कि राहुल गांधी के राजस्थान में प्रवेश करते ही मध्यप्रदेश की कांग्रेसी तासीर गर्मा जाएगी और पार्टी लगभग डेढ़ दर्जन से ज्यादा जिलों में नए मुखिया के साथ विधानसभा चुनाव की तैयारियों का आगाज करेगी।

कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि संगठन के चुनाव की प्रक्रिया का अंतिम चरण जिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति के रूप में पूर्ण होगा। तमाम सर्वे रिपोर्टों और रायशुमारी के आधार पर संगठन के चुनाव प्रभारी और पर्यवेक्षकों ने अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंप दी है। रिपोर्ट के आधार पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ जिलों में नये मुखिया तैनात करने का पूरा खाका भी तैयार कर चुके थे, किन्तु राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के मध्यप्रदेश में प्रवेश की वजह से संगठन का काम बीच में रोकना पड़ा। बताया जा रहा है कि राहुल की यात्रा के आज शाम राजस्थान की सीमा में प्रवेश करने के बाद कमलनाथ यात्रा की जिम्मेदारियों से मुक्त जाएंगे और इसके बाद वे पूरा ध्यान मध्यप्रदेश के संगठन को चुनावी हिसाब से एक्टिव करने की ओर ध्यान देंगे। इसी कड़ी में सबसे पहले डेढ़ दर्जन से ज्यादा जिलाध्यक्षों को बदला जा रहा है।

राजधानी के सूत्रों की मानें तो फेरबदल में कटनी जिला भी प्रभावित होगा। उल्लेखनीय है कि कटनी में शहर और ग्रामीण दोनों अध्यक्षों का कार्यकाल एक तरह से पूरा हो चुका है, किन्तु बीच में बनती रही सियासी परिस्थितियों की वजह से अध्यक्ष बदले नहीं जा सके, लेकिन अब फेरबदल तय है।

बदले जा सकते शहर और ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष

नगर निगम चुनाव के पहले पार्टी ने उस दौरान की गतिविधियों के संचालन के लिए शहर और ग्रामीण संगठनों में कार्यकारी अध्यक्षों की नियुक्ति की थी। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि फेरबदल में कार्यकारी अध्यक्षों के ही फुलटाइम अध्यक्ष बनाया जा सकता है। वर्तमान में विक्रम खम्परिया शहर में तो करण सिंह चौहान ग्रामीण कांग्रेस संगठन में कार्यकारी अध्यक्ष का दायित्व निभा रहे हैं। ऐसी स्थिति में माना जा रहा है कि इन्हीं दोनों नामों पर कमलनाथ मुहर लगा सकते हैं। वैसे संगठन में अंतिम समय में कुछ भी हो सकता है, इस आधार पर शहर अध्यक्ष के लिए कुछ और नेता भोपाल तक एक्टिव हैं, जिनमें पूर्व महापौर विजेंद्र मिश्रा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय प्रियदर्शन गौर, रमाकांत पाठक, सिंधी समाज से जुड़े पूर्व जिला महामंत्री राजा जगवानी सहित कुछ और नाम सामने आए हैं।

इसी तरह ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष के लिए पूर्व अध्यक्ष विजय पटेल, बड़वारा जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष रुस्तम भाई, विजयराघवगढ़ के कांग्रेस नेता नीरज सिंह बघेल आदि के नाम लिए जा रहे हैं। हालांकि वर्तमान शहर अध्यक्ष मिथलेश जैन एवं ग्रामीण अध्यक्ष गुमान सिंह को उम्मीद है कि कोई नया परिवर्तन करने की बजाय कमलनाथ उन्हें ही रिपीट कर सकते हैं। उल्लेखनीय यह भी है कि विधानसभा चुनाव को साल भर से भी कम का समय शेष रह गया है। ऐसे में प्रदेश कांग्रेस जिलों में सक्रिय लोगों को मौका देना चाहती है। सक्रियता के मामले में वर्तमान अध्यक्षों का कार्यकाल औसतन अच्छा ही रहा है, किन्तु संगठन के पदों में लंबा अरसा गुजर जाने की वजह से फेरबदल तय माना जा रहा है।

वर्तमान अध्यक्ष हैं टिकट के दावेदार

उल्लेखनीय है कि शहर और ग्रामीण कांग्रेस के दोनों अध्यक्ष जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों से टिकट के दावेदार भी हैं। मिथलेश जैन मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र से अपने पिछले प्रदर्शन के आधार पर टिकट का दावा कर रहे हैं, तो दूसरी ओर गुमान सिंह बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र से इस बार पूरी तरह आशान्वित हैं। मिथलेश जैन को पिछले विधानसभा चुनाव में 62 हजार से अधिक मत हासिल हुए थे जो मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस में अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन रहा। उन्हें उम्मीद है कि पार्टी उनके नाम पर विचार कर सकती है। उधर गुमान सिंह का कहना है कि पार्टी के पास इस बार बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के लिए उनसे बेहतर कोई चेहरा नहीं और यह बात उन्होंने प्रदेश कांग्रेस के बड़े नेताओं से लेकर दिल्ली दरबार में भी बता दी है। इन स्थितियों में तय है कि उन्हें संगठन की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया जाए।

डकैती कांड: बदमाशों की लोकेशन मिलते ही सक्रिय हुई पुलिस

सात दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली, बिहार में आरोपियों को तलाश रही सात टीमें

कटनी, यशभारत। रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत बरगवां क्षेत्र स्थित मणप्पुरम गोल्ड लोन में 16 किलोग्राम सोना, साढ़े तीन लाख रुपए नगद की डकैती पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है। तीन बदमाश पकड़े जाने के बाद भी पुलिस मुख्य आरोपियों तक नहीं पहुंच पा रही। वारदात के सात दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। हालांकि बदमाशों की लोकेशन मुखबिर के माध्यम से बिहार में मिलने पर सात टीमें पहुंच गई हैं और तलाश में जुटी हुई हैं। फरार चार बदमाश अखिलेश उर्फ विकास उर्फ जॉन निवासी वैशाली बिहार, अर्जुन उर्फ पीयूष उर्फ आयुष जयसवाल निवासी पटना, मिथिलेस उर्फ धर्मेन्द्र पाल निवासी बक्सर एवं अमित सिंह उर्फ विक्कू निवासी हॉजीपुर वैशाली के घरों का पता लगा लिया गया है। बिहार पुलिस की मदद लेकर अपराधियों की तलाश की जा रही है। इसके अलावा पुलिस रायपुर, बिलासपुर, रांची झारखंड सहित अन्य शहरों में तलाश कर रही है। पुलिस टीमें जांच में और बढ़ा दी गई हैं। कॉल डिटेल के अनुसार भी पुलिस बदमाशों की पतासाजी में जुटी है। डकैती के पहले बदमाश जहां-जहां रुके वहां लोकेशन देखी जा रही है। साइबर एक्सपर्ट की भी मदद ली जा रही है।

इनका कहना है

बदमाशों के बिहार में ठिकानों का पता लगाया गया है। सात टीमें बिहार पुलिस की मदद से उनको पकड़ने में लगी हैं। अन्य शहरों में भी सर्चिंग चल रही है। शीघ्र ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

-सुनील कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक

बेलगाम कार ने बाइक को मारी टक्कर,बाइक सवार तीन युवक घायल

कटनी, यशभारत। रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत एक बेलगाम कार चालक ने मोटर सायकल को टक्कर मार दी। जिसके कारण मोटर सायकल में सवार 3 युवक घायल हो गए। जिनको उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस लिखी कार क्रमांक एम.पी.21सीए-1173 के चालक ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मारकर चोट पहुंचाई। हादसा रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के टाल के पास हुआ है। इस हादसे में सोने लाल कटंगी कला, सतीश पटेल, करण पटेल घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उपचार जारी है।

दो अपचारी बालकों ने ग्राम भमका में दिया था वारदात को अंजाम

कटनी, यशभारत। ढीमरखेड़ा पुलिस ने ग्राम भमका में 27 नवंबर को बंगाली डॉक्टर के नाम से क्षेत्र में प्रसिद्ध प्रदीप राय की हुई अंधी हत्या का खुलासा कर दिया है। दो किशोरों ने डॉक्टर को लूटने के लिए उसकी हत्या की थी। मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि ग्राम भमका निवासी अशोक कुमार पटेल ने पुलिस को सूचना दी कि ग्राम भमका में रहकर इलाज करने वाले बंगाली डॉक्टर उर्फ प्रदीप रॉय के पुत्र प्रोसेन राय ने पश्चिम बंगाल से फोन कर बताया है कि दो दिन से पिता का मोबाइल फोन बंद है। अशोक कुमार ने बंगाली डॉक्टर के घर और क्लीनिक पर ताला लगा हुआ पाया, खिड़की खोलकर देखा तो क्लीनिक के फर्श पर खून पड़ा हुआ दिखा। रात में सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और ताला तोड़कर देखा तो प्रदीप राय का रक्तरंजित शव अंदर पड़ा था। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के निर्देशन में ढीमरखेड़ा पुलिस ने डॉक्टर प्रदीप रॉय की हत्या का प्रकरण दर्ज करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और मामले की जांच शुरू की। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अरविंद जैन ने वैज्ञानिक अधिकारी एफएसएल मोबाइल यूनिट जबलपुर डॉक्टर नीता जैन एंव फिंगर प्रिंट उपनिरीक्षक रमेश कुमार प्यासी, पुलिस डाग जस्सी मय पुलिस डॉग हेन्डलर आरक्षक भूमि पटेल के साथ घटना स्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए।

खोजी कुत्ते व फिंगर प्रिंट की मदद से आरोपियों तक पहुंची पुलिस

डॉग जस्सी की मदद से पुलिस ने किया बंगाली डॉक्टर की हत्या का खुलासा

एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश

बंगाली डॉक्टर की हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले दो विधि विरुद्ध किशोर बालक का खुलासा किया गया। विधि विरुद्ध किशोर ने बताया कि उन्हें इस बात की जानकारी थी कि साल में एक बार बंगाली डॉक्टर दिसंबर के माह में अपने गांव पश्चिम बंगाल इलाज से कमाया रुपया भी ले जाता है। इसलिए दोनों किशोर लूट की योजना के तहत 26-27 नवम्बर की रात दो बजे तेज बुखार का इलाज कराने के लिए बंगाली डॉक्टर के पास पहुंचे और दरवाजा खुलवाया। अंदर जाकर एक किशोर ने अपने गमछे से डॉक्टर का गला घोंटा और दूसरे किशोर बालक ने औजार गुलाम से डॉक्टर के सिर पर वार कर हत्या कर दी। जिसके बाद दोनों क्लीनिक की टेबल की ड्राज में रखे पच्चीस हजार रुपए नगद एवं मृतक का मोबाइल अंगूठी लेकर घर के दरवाजे पर ताला लगा कर भाग गए। पुलिस ने एक विधि विरुद्ध किशोर बालक से रक्त रंजित चप्पलें, मृतक की नगदी 20 हजार रुपए, अंगूठी बरामद की है। दूसरे फरार चल रहे विधि विरूद्ध किशोर बालक की तलाश पुलिस कर रही है।

डॉक्टर के घर से निकल कर बदमाश के घर पहुंचा खोजी कुत्ता

पुलिस डॉग जस्सी को मृतक बंगाली डॉक्टर के शव की गंध दिलाई गई। डॉग जस्सी शव मिलने के कमरे से निकलकर पीछे के रास्ते से विधि विरुद्ध किशोर के घर पर किशोर के कमरे तक जा पहुंचा और उसके उपरांत बस्ती से लगे खेत में उस स्थान तक ले गया जहां से पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे। पुलिस को विधि विरुद्ध किशोर बालक पर संदेह करने का प्रथम साक्ष्य पुलिस डॉग से मिला। फिंगर प्रिंट उपनिरीक्षक मुकेश कुमार प्यासी को शव मिलने के कमरे की टेबल पर फिंगर प्रिंट मिले, जिन्हें सुरक्षित किया गया। एफएसएल वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. नीता जैन के मार्गदर्शन में निरीक्षक ने मर्ग जांच शुरू की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बीएमओ सामुदायिक स्वास्थ केंद्र उमरियापान डॉ. बी के प्रसाद द्वारा मृत्यु का कारण सिर पर आई गंभीर चोट एवं गला घोटने से होना बताया गया। जिसके बाद अज्ञात आरोपी के विरुद्ध 302 के तहत अपराध दर्ज किया गया।

इनकी रही भूमिका

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा स्लीमनाबाद एसडीओपी मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अरविंद जैन, सहायक उपनरीक्षक जयंचद पटेल, महेश झारिया, मनोज कुडापे, प्रधान आरक्षक दीपक श्रीवास, मनोज ठाकुर, आरक्षक मंजय यादव, देवेन्द्र अहिरवार, डाग हेंडलर आरक्षक भूमि पटेल की भूमिका रही। एसपी ने हत्या के मामले का खुलासा करने वाली टीम को पुरस्कृत करने घोषणा की है।

सड़क दुर्घटना में दो गंभीर

कटनी,यशभारत। विजयराघगढ़ थाना क्षेत्र के जोबीकलां में हुए एक्सीडेंट में भी दो लोग घायल हो गए हैं। 108 एंबुलेंस प्रभारी संतोष दुबे ने बताया कि एक्सीडेंट में बालमीक कोल व रमेश सिंह घायल हुए हैं, घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यंत्र इंडिया लिमिटेड के सीएमडी ने किया निर्माणी का दौरा

कर्मचारियों को दी लक्ष्य से अधिक उत्पादन की नसीहत

कटनी, यशभारत। यंत्र इंडिया लिमिटेड(आयुध निर्माणी) के अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक राजीव पुरी ने गतदिवस शहर के रक्षा संस्थान आयुध निर्माणी कटनी का दौरा किया। उन्होंने निर्माणी कर्मचारियों से कहा कि डेली प्रोड्कशन के स्तर में इजाफा करें ताकि हम निर्धारित लक्ष्य से भी अधिक उत्पादन कर सकें। उन्होंने आयुध निर्माणी कटनी के कार्य प्रदर्शन की सराहना करते हुए संतोष व्यक्त किया कि प्रत्येक कर्मचारी के सकारात्मक योगदान के फलस्वरूप यह संभव हो सका कि कंपनी ने परिवर्तन काल को निर्बाध रूप से पार कर लिया। यंत्र के मंत्र बिजनेस, बिजनेस, बिजनेस और टारगेट ओरिएंटेड परफारमेंस के साथ यंत्र इंडिया लिमिटेड एक ताकतवर ग्लोबल ब्रांड बनने की ओर अग्रसर है। सीएमडी ने कर्मचारियों के साथ संवाद नामक कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। आयुध निर्माणी में विजिट के दौरान सीएमडी वायआईएल ने उत्पादन अनुभागों और वर्क शाप का गहनता से निरीक्षण कर वहां की रक्षा उत्पादन, गुणवत्ता, प्लांट सुविधाओं और अनुरक्षण गतिविधियों का जायजा लिया। निर्माणी द्वारा पहल करते हुए कई प्रगतिकारक कदम उठाए गए हैं जैसे कि नया कार्यभार प्राप्त करना, अधोसंरचना में सुधार लाना, वर्षों से पुरानी पड़ी मशीनों को पुनः उत्पादन कार्य योग्य बनाना, कार्यों व प्रयासों को कारपोरेट कंपनी के मद्देनजर सुसंगत करना और अपव्यय को कम से कम किया जाना। उन्होंने कहा कि इसके लिए टीम आयुध निर्माणी कटनी प्रशंसा और बधाई की पात्र है। निर्माणी प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों और अनुभाग प्रमुखों के साथ आयोजित उत्पादन समीक्षा बैठक में सभी लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

इस दौरान निर्माणी कर्मचारी प्रतिनिधियों व संगठनों के साथ हुई बैठक में सीएमडी राजीव पुरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कर्मचारियों की वित्तीय क्षतिपूर्ति में सुधार लाने के लिए तथा कंपनी के वित्तीय कार्यकलापों को उन्नत व सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से वायआईएल ग्रुप की आयुध निर्माणियों में उत्पादन आधारित इंसेटिव स्कीम की शुरूआत की गई है। इस अवसर पर सीएमडी राजीव पुरी द्वारा संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने सीएमडी के साथ संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए उसकी शपथ ली। इससे पहले सीएमडी के आगमन पर निर्माणी महाप्रबंधक विश्वजीत प्रधान ने अगवानी करते हुए उनका स्वागत किया। इस दौरान निर्माणी के सभी वरिष्ठ अधिकारी और अनुभाग प्रमुख, फेडरेशन, यूनियन व एसोसिएशन के पदाधिकारी, जेसीएम और कार्य समिति के सदस्य तथा स्टाफ और औद्योगिक कर्मचारी उपस्थित थे।

लकवा एवं वात रोग विशेषज्ञ
डॉ. देबनाथ
लकवा, वात रोग, गठिया, हड्डियों जोड़ों का दर्द एवं सूजन कमर दर्द, घुटना, कंधा दर्द, सायटिका अर्थराइटिस का इलाज किया जाता है।
पता- शहीद द्वार नई बस्ती, कटनी
मो. 9826154533
नोट-28 वर्षों से आपकी सेवा में उपस्थित

प्लाट बिकाऊ हैं
शांतिनगर, बारह बंगला, राय कॉलोनी एवं समदड़िया सिटी के पास हर साइज के प्लाट उपलब्ध हैं।
दर- 1000/- से 1200/- प्रति वर्गफुट
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें -
मो. 9993705740

JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.®

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668

कटनी की प्रथम अत्याधुनिक
32-96 स्लाइस की मशीन
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
ईसीजी सुविधा उपलब्ध रिपोर्टिंग के साथ
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
9893723087,8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511

SHRI HOSPITAL KATNI

डॉ.दीपक सक्सेना

डॉ.शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ

संपर्क करें: श्री हॉस्पिटल एम०एम० चौबे वार्ड बरगवां कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)